

# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 177 | ग्वालियर सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एक नजर

### 19 साल का लड़का देश की सुरक्षा के लिए खतरा कैसेः कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं. कपिल सिब्बल ने कहा कि एनकाउंटर आतंकियों का किया जाता है. क्या 19 साल का लड़का देश की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। उसके पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर सकते थे. असद अहमद को 13 अप्रैल को यूपी एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार दिया था. इसके साथ ही सिब्बल ने प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या पर भी सवाल उठाया है. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दो हत्याएं हुई हैं. एक अतीक और उसके भाई की, जबकि दूसरी हत्या कानून की हुई है. सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से मामले का स्वतः संज्ञान लेने की अपील की. उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की शनिवार (15 अप्रैल) देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात तब हुई जब दोनों को पुलिस कस्टडी में रूटीन मेडिकल जांच के लिए ले जाया जा रहा था. अतीक और अशरफ बीती फरवरी में हुए उमेश पाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी थे. अतीक और अशरफ की मौत के साथ ही बीते 51 दिनों में उमेश पाल हत्याकांड के 6 आरोपी मारे जा चुके हैं. 4 आरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे. इनमें अतीक अहमद का बेटा असद भी शामिल है, जो 13 अप्रैल को झांसी में हुए एनकाउंटर में मारा गया. एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने इसे एक कोल्ड-ब्लडेड मर्डर बताते हुए कहा, %घटना कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है. इसके बाद क्या जनता को देश के संविधान और कानून-व्यवस्था पर भरोसा होगा। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, इसमें यूपी की बीजेपी सरकार की भूमिका है. सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होनी चाहिए और एक कमेटी का गठन होना चाहिए. उत्तर प्रदेश के किसी भी अधिकारी को समिति में शामिल नहीं किया जाना चाहिए.

### सीएम पद की दावेदारी होगी कमजोर! शिवकुमार की बात पर लगी मुहर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार (15 अप्रैल) को कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 43 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी की. जिसमें बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी को अथानी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया, जबकि अनुभवी कांग्रेसी और पूर्व सीएम सिद्धारमैया को दूसरी सीट कोलार से वंचित कर दिया गया है. कांग्रेस ने कोलार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के सिद्धारमैया के अनुरोध को खारिज कर दिया. इसके बजाय पार्टी ने वहां से कोथुर जी मंजूनाथ को मैदान में उतारा है. वहीं अथानी से कांग्रेस प्रत्याशी सावदी बीजेपी में एक प्रमुख लिंगायत चेहरा थे, जिन्होंने पार्टी से टिकट नही दिए जाने के बाद विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया था. जिसके बाद वह शुक्रवार (14) को कांग्रेस में शामिल हो गए थे. सिद्धारमैया ने पिछला चुनाव दो सीटों चामुंडेश्वरी और बादामी से लड़ा था और जीत हासिल की थी. इस बार भी कांग्रेस नेता दो सीटों वरुणा और कोलार से चुनाव लड़ना चाहते थे. हालांकि, पार्टी के भीतर से कड़े विरोध के कारण उन्हें केवल वरुणा से ही चुनाव लड़ना होगा. आलाकमान के इस फैसले को सीएम पद के दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है. माना जा रहा है कि डीके शिवकुमार पूर्व सीएम पर भारी पड़ रहे हैं, क्योंकि वह शुरू से जोर दे रहे थे कि किसी को भी दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी. सिद्धारमैया दूसरी सीट के इच्छुक थे, क्योंकि उन्हें वरुणा में कड़ी टक्कर की उम्मीद थी, जिसका प्रतिनिधित्व पहले उनके बेटे यतींद्र करते थे. बीजेपी ने वरुणा से कर्नाटक के मंत्री और भगवा पार्टी के एक प्रमुख लिंगायत चेहरे वी सोमन्ना को मैदान में उतारा है. कांग्रेस की 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची में 16 नए चेहरे हैं. वहीं पार्टी ने अब तक 209 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, बाकी 15 सीटों के लिए नामों की घोषणा की जानी बाकी है.

### कोलार में बीजेपी पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के एलान के बाद राहुल गांधी ने रविवार (16 अप्रैल) को कोलार में चुनावी रैली को संबोधित किया. अपने अभिभाषण में राहुल गांधी ने बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा. कोलार की रैली में उन्होंने कहा, हमारी सरकार बनेगी तो सब काम बहुत जल्द करेंगे, किसी भी वादे में देरी नहीं होगी और बड़े वादों को बहुत जल्द पूरा करेंगे. पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को एक ठेकेदार ने 40 प्रतिशत कमीशन देने की चिट्ठी लिखी थी जिसका जवाब प्रधानमंत्री ने नहीं दिया. कर्नाटक की जनता को प्रधानमंत्री को संदेश देना चाहिए. उन्होंने एक बार फिर से अडानी मामले को जनता के सामने रखा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अडानी जैसे लोगों की मदद की और कर्नाटक में बीजेपी सरकार ने क्या काम किया। उन्होंने 40 प्रतिशत कमीशन खाया है.

### भगवान का भक्त था लवलेश...

## अतीक-अशरफ के हत्यारे की मां हुई भावुक

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ को पुलिस सुरक्षा के घेर में घुसकर तीन हमलावरों ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया. हमलावरों ने 15 से 20 राउंड फायरिंग अतीक और अशरफ पर की. इन हमलावरों में से एक शूटर का नाम लवलेश तिवारी है जो बांदा का रहने वाला है. लवलेश की मां ने मीडिया से बात कर रोत-बिलखते हुए कहा, ÷मेरे बेटा भगवान का भक्त था... मुझे यकीन नहीं हो रहा कि उसने ये क्या कर दिया. लवलेश की मां आशा देवी ने बताया कि, वो भगवान में इस कदर भरोसा-विश्वास रखता था कि बिना पूजा-पाठ के खाना तक नहीं खाता था.÷ उन्होने बताया,मैंने जब ये खबर देखी तो यकीन ही नहीं हुआ कि वो ऐसा कुछ कर सकता है.



लवलेश की मां बोलीं, मेरा बेटा लवलेश लोगों की मदद करने वालों में से है. पूजा-पाठ में रूची रखता है. यही नहीं भगवान के भजन और कीर्तन जैसे कार्यक्रमों में भी भाग लेता रहा है. उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता उसके दिमाग में ये सब करने का विचार कहां से और कैसे आया. कैसी संगत में वो फंस गया कि उसने ये सब कर दिया. आशा देवी ने लवलेश के बारे में और बताते हुए कहा कि कई सालों पहले वो बजरंग दल से भी जुड़ा था. इसके अलावा, लवलेश के छोटे भाई ने बताया कि उसे भाई के किसी भी यार-दोस्त की जानकारी नहीं है. वो कब घर आता है। कब जाता है किसी को पता नहीं रहता था. छोटे भाई ने बताया, हमें इस बात की भी जानकारी नहीं कि वो काम क्या करता है.

## नशे का आदी था अतीक का हत्यारा, लड़की को थप्पड़ मारने के आरोप में गया था जेल



माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की सरेआम हत्या करने वाले 3 हत्यारों में एक की पहचान लवलेश तिवारी के रूप में हुई है. लवलेश के भाई वेद ने मीडिया से बात करते हुए लवलेश को लेकर कई खुलासे किए हैं. वेद ने बताया है कि लवलेश नशे की लत का शिकार था और उसपर पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं. करीब तीन-चार साल पहले भी एक लड़की को थप्पड़ मारने के आरोप में वह जेल गया था. लवलेश के भाई का कहना है कि वह बुरी आदतों की चपेट में था और कभी-कभी ही घर आया करता था. उसके माता-पिता और भाई उससे ज्यादा संबंध नहीं रखते थे. वह कटरा में एक किराए के मकान में रहता था. जानकारी के मुताबिक लवलेश एक मध्यम परिवार से ताल्लुक रखता है जिसके पिता एक स्कूल बस चलाते हैं. जब माता-पिता ने टीवी पर बेटे को अतीक पर फायरिंग देखा तो वे अपने होश खो बैठे. लवलेश ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से बीए में एडमिशन लिया था, लेकिन वह फर्स्ट ईयर में ही फेल हो गया और पढ़ाई छोड़ दी थी. जिसके बाद वह गलत संगत में पड़ गया. वहीं, अतीक-अशरफ की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में हंगामा छिड़ गया है. दोनों भाईयों की हत्या तो प्रयागराज में हुई, लेकिन पूरे प्रदेश में पुलिस ने जिलों में गश्त की. चकिया जहां अतीक का घर है वहां से लेकर करेली, बेनीगंज, अटाला और चौक, गढ़ी सरांय तक सभी मोहल्लों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात हो गई और देखते ही देखते पूरा प्रयागराज एक छावनी में बदल गया. इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रयागराज में इंटरनेट बंद कर दिया गया है और पूरे यूपी में धारा 144 लागू कर दी गई है. सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई है और उन्हें ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं.


## लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़े हैं हत्याकांड में आरोपी सनी के तार!



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ अहमद की हत्या करने वाले सनी के तार लॉरेंस विश्नोई गैंग से भी जुड़े हैं. सूत्रों का दावा है कि सनी के संपर्क लॉरेंस विश्नोई गैंग से भी है. दरअसल, अतीक और अशरफ को मारने के लिए जिस पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था, उसी का प्रयोग पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता रहे शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी किया गया था. अतीक को मारने के लिए जिगाना पिस्टल का इस्तेमाल किया गया. अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात 10.30 बजे प्रयागराज स्थित एक अस्पताल के सामने ही हत्या कर दी गई थी. यह हत्या उस वक्त हुई जब पुलिस दोनों को मेडिकल के लिए कल्विन अस्पताल लेकर जा रही थी. इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई और संवेदनशील जिलों में फ्लैगमार्च किया गया. उधर, पुलिस ने बताया कि प्रयागराज के धूमनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजेश कुमार मौर्य ने शाहगंज थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के मामले में लवलेश तिवारी (बांदा), मोहित उर्फ सनी (हमीरपुर) और अरुण मौर्य (कासगंज-एटा) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. प्राथमिकी के अनुसार, पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने कहा, ''हम अतीक और अशरफ गिरोह का सफाया कर प्रदेश में अपने नाम की पहचान बनाना चाहते थे, जिसका लाभ भविष्य में निश्चित रूप से मिलता. हम पुलिस के घेरे का अनुमान नहीं लगा पाए और हत्या करने के बाद भागने में सफल नहीं हो पाए. पुलिस की तेजी से की गई कार्रवाई में हम लोग पकड़े गये.''

## अतीक-अशरफ हत्याकांड के बाद बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद केंद्र सरकार अलर्ट मोड में है. पुलिस कस्टडी के बीच अतीक अहमद पर हमला करने वाले तीनों युवक मीडियाकर्मी बनकर भीड़ में शामिल हुए थे. ऐसे में अब पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय एसओपी तैयार करेगा. पत्रकारों को सुरक्षा देने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है. सूत्रों का कहना है कि, गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने वाला है. मीडिया से बातचीत के दौरान पत्रकार बनकर आए तीन लोगों ने दोनों भाइयों की उस वक्त गोली मार कर हत्या कर दी थी, जब पुलिसकर्मी



उन्हें जांच के लिए यहां एक मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे. एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि वह लोग अतीक-अशरफ गैंग का सफाया करना चाहते थे, जिससे प्रदेश में उनका नाम होता. वह लोग पुलिस के घेरे का अनुमान नहीं लगा पाए और पुलिस की तेज कारवाई से पकड़े गए. वह अतीक और अशरण को कई दिनों से मारने की फिराक में थे, लेकिन सही समय या मौका नहीं मिला पा रहा था.

## आंध्र प्रदेश सीएम जगन मोहन रेड्डी के चाचा गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्व सांसद विवेकानंद रेड्डी हत्याकांड मामले में सीबीआई ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के चाचा वाईएस भास्कर रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया है. भास्कर रेड्डी की गिरफ्तारी सीबीआई की तरफ से 48 घंटे के अंदर की गई दूसरी गिरफ्तारी है. इससे पहले जांच एजेंसी ने कडप्पा सांसद वाईएस अविनाश रेड्डी के करीबी गज्जला उदय कुमार को गिरफ्तार किया था. राज्य विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले 15 मार्च, 2019 की रात पुलिवेंदुला में विवेकानंद रेड्डी के निवास पर उनकी हत्या कर दी गई थी. हत्या के दौरान वह घर पर अकेले थे. इस मामले की शुरुआती जांच राज्य अपराध जांच विभाग के एक विशेष जांच दल की तरफ से की जा रही थी, लेकिन जुलाई 2020 में इसे सीबीआई को सौंप दिया गया था.

## आप के 1500 नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार!

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने 32 विधायकों समेत 1500 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इन सभी को बसों में बैठाकर घुमाया जा रहा है. इन्हें कहां ले जाएंगे इसकी जानकारी नहीं दी गई है. ये सभी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन करने के लिए खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे. दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को समन कर राजधानीवासियों का अपमान किया जा रहा है. खासकर यह उन लोगों की भी तौहीन है, जिन्होंने सीएम केजरीवाल जी को अपना समर्थन दिया और आज उनके समर्थन और पीएम मोदी जी के खिलाफ जगह-जगह सड़क पर प्रदर्शन किया.

खबर है कि रविवार को पंजाब सीएम के भगवंत मान के साथ वहां के विधायक और मंत्री भी सीएम अरविंद केजरीवाल को समर्थन



देने आ रहे थे. दिल्ली पुलिस ने पंजाब से आ रहे 20 विधायकों को दिल्ली बॉर्डर पर गिरफ्तार कर लिया. इसके अलावा राजेश ऋषि, सोमनाथ भारती, पवन शर्मा, गिरीश सोनी, अमानतुल्लाह खान, करतार सिंह इत्यादि मिलाकर 32 विधायकों को गिरफ्तार किया है. इसके अलावा, दिल्ली पुलिस ने राजघाट पर प्रदर्शन कर रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया. मुकरबा चौक, पीरागढ़ी चौक से भी लोगों को गिरफ्तार किया है. आनंद विहार से 100, द्वारका मोड़ से 50, आईआईटी गेट से 17, अजमेरी गेट से 22, ओखला से 22, रहरौली से 70 और 150 लोगों को गाजीपुर से भी गिरफ्तार किया गया है. कुल मिलाकर 1500 लोगों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है. आप के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने आरोप लगाया कि यह सब बीजेपी के इशारे पर सियासी बदले की भावना से किया जा रहा है. इसके बावजूद आप कार्यकर्ताओं का संघर्ष जारी रहेगा.

## दुबई के रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग, 16 लोग जिंदा जले

**नई दिल्ली।** दुबई में शनिवार (15 अप्रैल) को एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई. इस आग दुर्घटना में कुल 16 लोगों की मौत हो गई. इसमें केरल के एक दंपति सहित कम से कम चार भारतीय भी शामिल हैं. दुबई के मीडिया ने इस बात की जानकारी रविवार (16 अप्रैल) को दी. गल्फ न्यूज ने बताया कि दुबई सिविल डिफेंस ऑपरेशंस रूम को शनिवार को दोपहर 12.35 बजे दुबई के पुराने इलाके अल रास की एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली. मिली जानकारी के अनुसार इमारत की चौथी मंजिल पर भीषण आग लग गई और अन्य क्षेत्रों में फैलने लगी. दुबई सिविल डिफेंस मुख्यालय की एक टीम आग लगने की जगह पर पहुंची और इमारत में रह रहे लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया. पोर्ट सईद फायर स्टेशन और हमरियाह फायर स्टेशन से भी टीमों को बुलाया गया.



अखबार के रिपोर्ट के मुताबिक दोपहर 2:42 बजे (स्थानीय समयानुसार) आग पर काबू पा लिया गया था. दुबई पुलिस मुर्दाघर में मौजूद एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता नसीर वतनपल्ली का हवाला देते हुए अखबार ने बताया कि पीड़ितों में केरल के एक दंपति सहित चार भारतीयों की पहचान की गई है. वतनपल्ली ने कहा कि अब तक हम 4 भारतीयों की पहचान करने में कामयाब रहे हैं. इसमें से केरल के एक दंपति और तमिलनाडु के दो पुरुष शामिल हैं. ये लोग इमारत में काम करते थे. वहीं मरने वालों में 3 पाकिस्तानी और एक नाइजीरियाई महिला भी शामिल है. वतनपल्ली ने कहा कि वो दुबई पुलिस दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अलावा अन्य राजनयिक मिशनों और पीड़ितों के दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं. दुबई सिविल डिफेंस के प्रवक्ता ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि इमारत में पर्याप्त सुरक्षा आवश्यकताओं की कमी थी. इसमें कहा गया है कि अधिकारी आग लगने के कारणों पर एक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए व्यापक जांच कर रहे हैं.

## नशे में 20 किमी तक सिपाही को बोनट पर घसीटा

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक 22 साल का युवक गांजे के नशे में ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को अपनी कार के बोनट पर करीब 20 किलोमीटर तक घसीटे दिखाई दिया. सोशल मीडिया पर घटना की वीडियो तेजी से वायरल हो रही है. घटना के बाद पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है. घटना शनिवार (15 अप्रैल) की है जब 22 साल के लड़का जिसका नाम आदित्य बेमड़े बताया जा रहा है. उसने पहले सिग्नल तोड़ा जिसे मौके पर मौजूद सिपाही ने रोकने की कोशिश की. आदित्य गांजे के नशे में इतना चूर था कि उसने कार की रफ्तार बढ़ाई और सिपाही बोनट पर जा गिरा. ट्रैफिक पुलिस के सिपाही का नाम सिद्धेश्वर माली है जो 37 साल के हैं. घटना की सामने आयी वीडियो में सिद्धेश्वर कार के बोनट पर लटके दिखाई दे रहे हैं और कार तेज रफ्तार में चल रही है. घटना के दौरान कार चालक ने कई बार सिपाही को रफ्तार बढ़ाकर और कार में झटके देकर गिराने का प्रयास किया लेकिन सिपाही ने किसी तरह खुद को बचा लिया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जैसे ही सूचना मिली वैसे ही वायरलेस संदेशों से सतर्क किया. पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कार चालक को धर दबोचा और गिरफ्तार कर लिया. वाशी पुलिस थाने के विरिष्ठ निरीक्षक शशिकांत चांडेकर ने बताया, कार चालक का मेडिकल कराया गया है जिसमें पुष्टि हुई है कि वो नशीला पदार्थ (गांजे) का सेवन किए हुए था. पुलिस ने आदित्य के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है.

## शेट्टार और सावदी को कभी माफ नहीं करेगी बीजेपी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक जगदीश शेट्टार ने शनिवार (15 अप्रैल) को बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था. हुबली-धारवाड़ मध्य क्षेत्र से 6 बार विधायक रह चुके शेट्टार को बीजेपी ने इस बार के विधानसभा चुनावों के लिए टिकट नहीं दिया. जिससे नाराज होकर जगदीश शेट्टार ने पार्टी छोड़ दी. इससे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. वहीं अब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया दी है. बीजेपी नेता बीएस येदियुरप्पा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी को कभी माफ नहीं करेगी. बता दें कि सूत्रों के हवाले से खबर थी कि इस सिलसिले में बीजेपी ने शेट्टार को कई विकल्प दिए थे, लेकिन उन्होंने खुद को पार्टी से ऊपर रखा. 12 अप्रैल को ही कर्नाटक बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. सावदी ने कहा था कि मैंने अपना फैसला कर लिया है. मैं भीख का कटोरा लेकर घूमने वालों में से



नहीं हूं. मैं एक स्वाभिमानी राजनेता हूं. मैं किसी के बहकावे में आकर काम नहीं कर रहा हूं. वहीं अब जगदीश शेट्टार जिनका हुबली-धारवाड़ मध्य क्षेत्र में खासा दबदबा माना जाता है उन्होंने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया. हालांकि समाचार एजेंसी हृद्व की मानें तो पार्टी ने उन्हें गवर्नरशिप का विकल्प दिया था, लेकिन शेट्टार तैयार नहीं हुए. इस मामले को लेकर अब येदियुरप्पा का बयान सामने आया है. उन्होंने दोनों नेताओं को कभी माफ नहीं करने की बात कही. जगदीश शेट्टार ने रविवार (16 अप्रैल) को उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी में अपने आवास पर विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी से मुलाकात की और कर्नाटक विधानसभा की अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह बीजेपी से इस्तीफा देने के लिए वे बेंगलुरु रवाना होंगे. उन्होंने कहा, मैंने बीजेपी छोड़ने का फैसला किया है. कोई पीछे मुड़कर नहीं देख रहा है. मैं अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करूंगा.



## शिवपुरी पुलिस की अवैध रेत माफियाओं पर कार्रवाई

**जगदीश पाल**

खनियाधाना। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध उत्खनन एवं माफियाओं पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं पुलिस मुख्यालय द्वारा भी अवैध उत्खनन के लिए विशेष अभियान चलाएं जाने हेतु निर्देशित किया गया है पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया , एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में दिनाँक 15.04.23 की रात्रि करीब 09 बजे थाना प्रभारी बामोरकला उपनिरीक्षक पुनीत बाजपेई द्वारा अवैध रेत के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया।

कल दिनांक15.04.23 को थाना प्रभारी बामोर कला कस्बा भ्रमण कर रहे थे, भ्रमण करते हुए हसर्रा नहर तिराहे पर पहुंचे तो सामने से एक नीले रंग का ट्रैक्टर ट्रॉली आता दिखा , संदेह होने पर रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को बंद कर भाग गया उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को चेक किया तो उसमें अवैध रेत भरी हुई थी एवं रेत के कोई वैध दस्तावेज भी नहीं मिले जिससे उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर अपराध क्रमांक 39/23 धारा 379 भा द वि 4(ड्ड) 21(1) खनिज एक्ट 1957 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बामोरकला उपनिरीक्षक पुनीत बाजपाई ,प्र.आर. रघुवीर पाल ,आर. आलोक की सराहनीय भूमिका रही।

# पेंशन नहीं तो वोट नहीं, पहले पेंशन मिले तभी कर्मचारियों के वोट डालेंगेः सतीश वर्मा

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-मध्यप्रदेश मैं पेंशन के लिए विरोध लगातार ब?ता ही जा रहा हैं लेकिन मध्यप्रदेश सरकार कर्मचारियों को इस मांग को लेकर होश मै नही आ रही हैं जिसको लेकर प्रदेश के कर्मचारी लगातार ज्ञापन के माध्यम से सचेत कर रहे है कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश में 6.50 लाख लगभग शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम (ह्क्क्र) योजना लागू है। यह नेशनल पेंशन स्कीम (एन.पी.एस.) शेयर मार्केट और एन्युटी की ब्याज दर पर आधारित है। जिसमें पेंशन की कोई निश्चित गॉरंटी नहीं है और ना ही इसमे प्राप्त पेंशन राशि आत्मनिर्भर जीने योग्य है। कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर पारिवारिक पेंशन का प्रावधान भी नहीं है।

नेशनल पेंशन स्कीम से प्राप्त पेंशन की राशि में महंगाई के साथ कोई वृध्दि भी नहीं होती है। नेशनल पेंशन स्कीम योजना से सेवानिवृत्ति पर पाँच सौ, एक हजार से लेकर तीन हजार रूपये के लगभग पेंशन राशि प्राप्त हो रही है। जिसमें आश्रित परिवार के सामने घोर वित्तीय संकट आ जाता है। मध्यप्रदेश



एवं केन्द्र शासन के समस्त एन.पी.एस. धारी शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों की नेशनल पेंशन स्कीम योजना बंद कर मध्यप्रदेश राज्य के शिक्षको, अधिकारियों/कर्मचारियों को सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 एवं केन्द्रीय अधिकारियों/ कर्मचारियों को केन्द्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमावली 1972 को लागू करते हुये पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल की जावें। मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम एवं स्वायत संस्थान सहित मध्यप्रदेश में कार्यरत नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के साथ जल्द से जल्द पेंशन योजना लागू की जाये

# व्यवहार न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी षड्यंत्र पूर्वक कराई रजिस्ट्री

### मामला कैलारस नगर की सर्वे क्रमांक 418 की भूमि का

कैलारस/ नगर कैलारस में स्थित सर्वे क्रमांक 418 की भूमि का षडयंत्र पूर्वक मुरैना में रजिस्ट्री करा ली गई है उक्त आशय का आरोप लगाते हुए वादी गण वृंदावन वासुदेव मातादीन पुत्र गण गेंदालाल खटीक निवासी वार्ड क्रमांक 2 कैलारस में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि प्रतिवादी गणों रामेश्वर राकेश द्वारा सब रजिस्टार राम नारायण शाक्य मुरैना से षडयंत्र पूर्वक विजय सिंह, उम्मेद सिंह, रामलखन एवं राकेश सिंह के हित में कैलारस की बेशकीमती भूमि सर्वे क्रमांक 418 में से अवैध रूप से किए गए विक्रय पत्र जो दिनांक 12 मार्च 2023 एवं 16 मार्च 2023 के संबंध में है उक्त प्रकरण के संबंध में प्रार्थी वासुदेव द्वारा शिकायत कर आरोप लगाया है कि उक्त प्रतिवादी गणों ने व्यवहार न्यायालय के स्थगन आदेश का भी उल्लंघन किया है यहां बता दें कि उपरोक्त भूमि सर्वे क्रमांक 418 बेशकीमती भूमि हैद्धजो प्रार्थी बासुदेव पुत्र गेंदालाल खटीक के सह स्वामित्व की भूमि है जिसको लेकर प्रार्थी ने शिकायत कर आरोपी व्यवहार न्यायालय में लगाया है और व्यवहार न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी उपरोक्त प्रतिवादी गणों रामेश्वर और राकेश ने षडयंत्र पूर्वक मिलकर विजय सिंह, उम्मेद सिंह, रामलखन एवं राकेश सिंह के हित में रजिस्ट्री कर दी है जो पूर्णता अवैध है अतः फरियादी आने प्रेस के माध्यम से भी अपील की है कि उसे उसके सह स्वामित्व की भूमि पर मालिकाना हक दिलवाया जाए और जो अवैध रूप से राष्ट्रीय व्यवहार न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी करी गई हैं उन्हें निरस्त कर प्रतिवादी गणों पर षड्यंत्र कार्य करने के संबंध में कार्यवाही भी की जाए अब देखना यह है क्या माननीय व्यवहार न्यायालय प्रार्थी को न्याय दिला पाता है और षडयंत्र पूर्वक करी गई रजिस्ट्री यों को निरस्त करता है

## पुरानी जिला पंचायत में साइबर सिक्योरिटी का प्रशिक्षण सम्पन्न




मुरैना /जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गड़पाले के मार्गदर्शन में गुरूवार को पुरानी जिला पंचायत मुरैना में साइबर सिक्योरिटी के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लोकशिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खंडवा से लोकेंद्र सिंह भदौरिया, निखिल विजयवर्गीय उपस्थित थे। प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें समुह की महिलाओं को मोबाईल से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में श्री भदौरिया ने बताया कि अगर किसी के मोबाईल पर अनजान नंबर से फोन आता है। कोई ओटीपी मांगे तो बिना जानकारी के किसी को मोबाईल से संबंधित जानकारी नहीं देना चाहिए, अपने वाट्सअप पर फालतू किसी से बात नहीं करना चाहिए। पब्लिक प्लेस में वाईफाई इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मोबाइल में किसी भी प्रकार की गलत साइड नहीं चलाना चाहिए, अपनी ई-मेल आईडी अंजान लोगों को नहीं बताना चाहिए। मौके पर विकासखण्ड कार्यालय से सहायक विकासखंड प्रबंधक राकेश कुमार, बीसीएफएल कु. नीरज वाईपी, पीई महेंद्र सिंह और रविता तोमर उपस्तिथ थीं।

## भाजपा महिला मोर्चा का कार्यक्रम हुआ आयोजित



बैरसिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलाएं जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बैरसिया के भोपाल रोड स्थित गार्डन में आयोजित किया गया जिसमें जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री जिला ग्रामीण के अध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, जनपद अध्यक्ष लता कुबेर सिंह गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया इसी क्रम में विधायक विष्णु ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली नलखेड़ा से आशा कार्यकर्ता अर्चना चंद्रेश कुशवाहा को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि आशा कार्यकर्ता अर्चना कुशवाह समय समय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाएं की जानकारी दीवार लेखन एवं घर घर जाकर महिलाओं, बच्चों को देती रहती है। वे पुरी लग्न और जिम्मेदारी से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं पात्र लोगों को लाभ दिलाने में हमेशा सक्रिय रहकर काम करतीं हैं। कार्यक्रम के अवसर पर महिला मोर्चा संभाग प्रभारी ममता गुप्ता नर्मता शर्मा सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# किसानों कि विभिन्न समस्यायों का तत्काल निराकरण करने के लिए किसान सुब्रत ने प्रभारी मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत ने माननीय श्री बिसाहूलाल सिंह जी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री प्रभारी मंत्री रीवा जिले से मुलाकात कर किसानों समस्याओं का तत्काल निदान कराने के लिए मांग पत्र सौंपा किसान सुब्रत ने किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग कि किसान सुब्रत ने समर्थन मूल्य में गेहूं खरीदी केन्द्रों स्थापना निर्धारण ऐसी जगह की जाय कि किसान आसानी से पहुंच सके। किसानों कि माग को पूरा किया जाय खैरा खरीद केंद्र को कृषि उपज मंडी में स्थापित किया जाय किसानों को समर्थन मूल्य के साथ एक हजार रूपये प्रति किवंटल बोनस दिया जाय । किसान खेत से लेकर खलिहानो में गेहूं कि कटाई ,गहायी,सफाई में जी जान से लगे हैं खलिहानो में टालियो में गेहूं को लाद कर खरीदी केन्द्रों में जाने कि तैयारी कर रहे हैं इस बर्ष पूर्व के बरसों की व्यवस्था ओ से सबक ले खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओ को सुचारू रूप प्रदान कराने के निर्देश जारी करें ।गर्मी के मौसम को देखते हुए जहां पहुंच मार्ग हो छाया पीने का पानी कि तो व्यवस्था हो टैकटरो को खड़ा करने को जगह हो । खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओ को तत्काल सुधारा जाय । अन्यथा किसान मजबूर हो के समर्थन मूल्य इतना कम है परेशानी ज्यादा है सभी खर्चे काट दे तो कृषि उपज मंडी में किसान अपना गेहूं बेचने को मजबूर अधिक संख्या में होंगे आर्थिक हानी समय असुविधा सभी से बचने के लिए आखिर क्या करेंगे !रीवा जिले की सभी सहकारी समितियों को खरीद केंद्र बनाया जाय जिससे किसानों को कई किलोमीटर तक अपना गेहूं लेके ना जाना पड़े दूरी का ख्याल रख केन्द्रों को बदला जाय । किसान सुब्रत ने मांग कि किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य के साथ एक हजार रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाय इस बर्ष मौसम कि अनिश्चित के कारण उत्पादन घटा है, प्रतिबर्षडीजल, बिजली, खाद, कीट नाशक, कृषि यंत्र कि कीमत बढ़ जाती है पिछले बर्ष गेहूं का2022-23 में 2015रूपये प्रति क्विंटल था 110रूपये न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार ने बढ़ाया इस बर्ष 2023-24 न्यूनतम समर्थन मूल्य2125रूपये। प्रति क्विंटल रखा। कृषि उपज मंडी में गेहूं 2000से 2050 रूपये प्रति क्विंटल बिक रहा है । न्यूनतम समर्थन मूल्य से 75 रूपए से 100रूपये के लगभग कम दूरी बढ़ जाने से टैक्टर में डीजलकी कीमतजिन किसानों के पास टैक्टर नहीं है किसी वाहन से लेकर आए तो उसका किराया ,तौल के पैसे सभी को जोड़ दें तो समर्थन मूल्य के केन्द्रों की दूरी बढ़ी तो किसानों को खुले बाजार की कीमत भी नहीं मिलपात। अभी कम संख्या में किसान परेशानी से बचने कृषि उपज मंडी में गेहूं बेचने जाते हैं पूर्व के बरसों के आधार पर अगर समर्थन मूल्य मे खरीदी केन्द्रों की स्थिति को सुचारू रूप नहीं दिया गया तो संख्या बढ़ेगी समर्थन मूल्य के खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था ओ को शुरू से ही सुचारू रूप दिया जाय। किसान सुब्रत ने खरीदी केन्द्रों में तौल के पैसे निर्धारण नहीं,एक बोरी में कितने किलो तौल निर्धारित नहीं तौल के लिए कई दिन-रात खरीदी केंद्रों में गुजारे किसान पूर्व की प्रक्रियाओं को बदला जाय। सभी खरीदी केन्द्रों में एक बोरी में कितने किलो की तौल तौल के कितने पैसे इस आशय के बैनर तत्काल लगवाए जाय ।समर्थन मूल्य में गेहूं बेचने के लिए स्लाड आखिर एक दिन में जितना चाहे



बुक कर लें खरीदी केन्द्रों में देखने वाला कोई नहीं कि तौल पहले बुक हुए स्लाडो की कितनों की हुई कितने बाकी है खरीदी केन्द्रों मे कर्मचारी तौलक तौल काटे कितने हैं । जितने स्लाड बुक हो प्रत्येक खरीदी केन्द्रों के लिए कितने क्विंटल खरीदी के लिए स्लाड बुक हैं प्रत्येक खरीदी केन्द्रों से प्रति दिन जानकारी ली जाय प्रति दिन कितनी तौल खरीदी केन्द्रों में हो जाएगी जिनके स्लाड पहले बुक हैं उनकी तौल हो जाने के बाद ही स्लाड बुक किए जाय या फिर किसानों को सूचित किया जाय कि इस दिन खरीदी केन्द्र में आए । स्लाड बुक हो जाने पर किसान खरीदी केन्द्रों में पहुंच जाते हैं जो पहले स्लाड बुक हैं उनकी तौल नहीं हो पाती किसानों को इन्तजार करना पड़ता है खरीदी केन्द्रों में टैक्टर खड़ा करने एवं तौल के लिए जगह नहीं रह जाती ।खरीदी केन्द्रों में किसानों को पीने का पानी, बैठने के लिए छाव, असामयिक बारिश से बचने के लिए पर्याप्त त्रिपाल, तौल काटो की संख्या बढ़ाई जाय, सुनिश्चित किया जाय की तौल के लिए बोरी की कमी ना हो बोरी ना होने से तौल प्रभावित ना हों प्रदेश स्तर पर एवं जिले स्तर पर समर्थन मूल्य में खरीदी की समस्यायों के निराकरण के लिए एक टोल फ्री नंबर तत्काल जारी किया जाए जिसमें किसान किसी भी असुविधा होने पर फोन कर सकें एवं सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की शिकायत किसानों की असुविधा जो खरीदी केंद्रों में हो रही है वह आप तक भी पहुंच जाए। जिससे आप तत्काल निराकरण करा सके। किसान सुब्रत ने समर्थन मूल्य मे खरीदें गये गेहूं का उठाव एवं भंडारण तत्काल कराया जाय जिससे खरीदी केन्द्रों में जगह तौल के लिए मिले ।एक गेहूं खरीदी केन्द्रों में आसमयिक बारिश से बर्बाद भी ना हो । निर्देशित करने कि कृपा करें प्रशासन गेहूं खरीदी से सम्बंधित किसानों की समस्यायों का किसानों द्वारा अवगत कराने पर तत्काल निराकरण करें । किसान सुब्रत ने रीवा जिले में शहर से लेकर गांव तक के बिजली उपभोक्ताओं की अनदेखी हो रही है ना समय से रिडिग ना ही खपत के अनुसार बिल के बोझ से उपभोक्ता परेशान हैं सुनवाई नहीं होती बिजली के बिलों के लिए किसानों के टैक्टर कुर्क हो रहे हैं वहीं चोरहटा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत किसानों के सिंचाई पम्पो में इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा व्यवसायिक यूनिट के आधार पर बिल भेज किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा सिंचाई पम्पो के लिए फ्लैट रेड निर्धारित है पूरे मध्यप्रदेश में किन्तु सौ से डेढ़ सौ किसान उपभोक्ताओं के यहां इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा प्रति यूनिट के आधार पर बिल प्रति माह दिया जा रहा है सोचे किसान खेती कर पाएगा क्या ।आपसे निवेदन है कि तत्काल सिंचाई पमपो में लगे इलेक्ट्रॉनिक मीटरों को हटाने एवं फ्लैट रेट में छै माह में एक बार सिंचाई पम्पो के बिल जारी करने के निर्देश जारी करने की कृपा करें।इस गर्मी के मौसम में प्रत्येक वितरण केंद्रों के अन्तर्गत जहां किसानों के सिंचाई पम्पो तक पोल नही गडे है तार नहीं खिंचे है निर्देशित करे अनिवार्य रूप से पोल गाड़े जाय तार खींचे जाय। किसानों को बास बल्ली गाड़ कर बिजली के तार ले जाने से मुक्ति दी जाय। बिजली के ढीले तारों एवं साल्ट सर्किट के कारण किसानों के खेत खलिहान आगजनी से प्रभावित न हो सुनिश्चित किया जा । प्रत्येक विद्युत वितरण केंद्र के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि सभी लाइने का ससत निरीक्षण कर लाइनों को सुचारु रुप दिया जाए जिससे कोई अप्रिय घटना ना घटे विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण अगर घटना घटती है तो उनके ऊपर कारवाई की जाय। बिजली विभाग के आउटसोरस कर्म चारियो को नियमित किया जाय, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए एवं सुनिश्चित किया जाय कि बिजली के सुधार करते वक्त उनके साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य में व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान कराने की कृपा करें ।समर्थन मूल्य की खरीदी को व्यवस्थित करें खरीदी केन्द्रों की दूरी कम करें कृषि उपज मंडीयो में जहां सेट है खरीदी केन्द्रों का निर्धारण वहा किया जाय । अनिवार्य रूप से स्पष्ट किया जाय कि किसानों का तौल के नाम पर शोषण ना हो सभी खरीदी केन्द्रों में तौल के लिए कितने पैसे देने हैं बैनर लगाए जाय ।

# भाजयुमो ने नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह का पुतला दहन किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आवाहन पर लहार विधानसभा से कांग्रेस विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह द्वारा वीरांगना रानी कमलापति के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिले के सभी 26 मंडलों में डॉ गोविंद सिंह सिंह के पुतले का एक साथ दहन किया और भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट ने कहा कि डॉ सिंह अपने बयान को वापस लेते हुए प्रदेश की जनता से माफी मांगे और उनका यह बयान रानी कमलापति जैसी महिला के बारे में की गई अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है, महिलाओं को अपमान करने का काम किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने परेड चौराहे पर डॉ गोविंद सिंह नेता प्रतिपक्ष के बयान को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रानी कमलापति देश की लड़ाई में पूर्ण भूमिका निभाई थी राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम से रेलवे स्टेशन को नामांकित किया और पूर्ण सम्मान देने का काम किया। डॉ सिंह ने उनके बारे में जो आपत्तिजनक टिप्पणी कर अनुसूचित जाति समाज के साथ-साथ ,आदिवासी समाज के साथ कुठुराघात किया है,कांग्रेस की परंपरा दलित



अनुसूचित जाति समाज के साथ - साथ आदिवासी की विरोधी हमेशा रही है कुछ समय पूर्व लोकसभा सदन में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने भारत की महामहिम राष्ट्रपति आदिवासी महिला श्रीपति द्रोपति मुर्मू के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर आदिवासी समाज के साथ कीचड़ उछालने का काम किया। पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने डॉ सिंह को कहा कि अपने शब्द वापस लेकर प्रदेश की जनता से माफी मांगे। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट ने कहा नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने अपनी सारी मर्यादा तोड़ कर देश के क्रांतिकारी महिला के बारे में इस प्रकार की टिप्पणी कर महिलाओं के साथ अपमानित करने का कार्य किया है रानी कमलापति देश की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई थी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंडला में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के पुतले के दहन के माध्यम से भाजयुमो के कार्यकर्ता अपना विरोध प्रकट करआ रहे हैं और सभी 26 मंडलों में यह पुतला दहन डॉ गोविंद सिंह को समझा देगा कि रानी कमलापति और देश के महापुरुषों के बारे में अपनी टिप्पणी करना बंद करेंगे जो कांग्रेस अपने को दलित और शोषित हितेषी बताती थी आज उनके ही नेता आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे है। सभी भाजयुमो कार्यकर्ता धनवंती कॉन्फ्रेंस धनवंतरी कॉम्प्लेक्स पर एकत्रित हुए वहां से नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह का पुतला लेकर परेड चौराहे पहुंचे जहां मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत कुशवाह ने उनके पुतले को मुखाग्नि दी। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया ,जिला जिला उपाध्यक्ष हृदेश पुरोहित एवं विष्णु प्रताप सिंह राजावत, भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री रोहित शाक्य, मोनू नरवरिया, अतिराज सिंह नरवरिया, जयंत सिंह किरार, सर्जन सिंह नरवरिया, अमित चौधरी, शेखर खटीक, धर्मवीर बघेल, अंकित मिश्रा, रितेश भदौरिया, अंशुल त्रिपाठी, रजत मिश्रा, शैलेंद्र भारद्वाज, राजीव बरुआ, सूरज बरुआ, विवेक रजक, ललित खत्री, गौरव भदौरिया आदि युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

## अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर ट्राली को ऊमरी पुलिस ने किया जप्त

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में एवं डीएसपी हेड क्वार्टर अरविंद शाह के मार्गदर्शन में अवैध रेत उत्खनन / परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे, अभियान के तहत दिनांक 14/04/2023 को ऊमरी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन कर रहे एक रेत से भरे ट्रेक्टर ट्राली को जप्त करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान किशोर सिंह का पुरा पर खैरा तरफ से एक लाल रंग का महिन्द्रा ट्रेक्टर 585 डीआई मय ट्राली के आता दिखा जिसकी ट्राली में रेत भरा हुआ था जिसे रोका तो उक्त ट्रेक्टर के चालक ने ट्रेक्टर को नहीं रोका जिसका पीछा किया गया तो ट्रेक्टर चालक ग्राम रूर में ट्रेक्टर ट्राली को गली में छोडकर मौके से भाग गया। ट्रेक्टर के बोनट तथा सामने ट्रेक्टर का नम्बर एमपी 30 एबी 0299 अंकित है। ट्रेक्टर ट्राली में लोड रेत के वैध दस्तावेज/ रायल्टी मौके पर नहीं मिले। उक्त ट्रेक्टर ट्राली को अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने से ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर पर खड़ा किया गया। उक्त जप्त शुदा ट्रेक्टर ट्राली के विरुद्ध कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेजा जावेगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक मनोज राजपूत,आरक्षक प्रताप रजक, राहुल तोमर, आलेश यादव, धर्मपाल सिंह की भूमिका रही।

# महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म के फरार ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक पूनम थापा के निर्देशन में महिला थाना भिण्ड के अपराध क्र. 35/22 धारा 376, 494, 495, 498 ए, 420, 354 ग, 109, भादवि.67, 67 ए आईटी एक्ट का आरोपी मितुल डोसी पुत्र अश्विन भाई डोसी उम्र 45 साल निवासी हसनपारा सेरी आजाद चौक के पास थानगढ सुरेन्द्र नगर गुजरात का कायमी दिनांक 04.08.2022 से फरार आरोपी को वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुजरात से आरोपी को दिनांक 12.04.2023 को विधिवत गिरफ्तार किया गया जिस पर शासन द्वारा 3000/- रूपये की ईनाम घोषित की गई थी। जिसे दिनांक 13.04.2023 को न्यायालय भिण्ड में पेश



कर 03 दिवस का पुलिस रिमांड प्राप्त कर उक्त आरोपी से घटना में उपयोग किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि मैनें शादी शुदा होते हुए भी (शादी डॉट कॉम एप ) पर फर्जी आई. डी. बनाकर कर कुल 02 लडकियों से शादी की और 05 अन्य लड़कियों से शादी करने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाए एवं उन सभी लडकियों के अश्लील वीडियो मैनें अपने मोबाईल में रिकोर्ड किये। आरोपी का मोबाईल विवो कंपनी का जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों ने बड़ी मेहनत और लग्न से कार्य किया है।

**सराहनीय भूमिका** - उपनिरीक्षक गीता सिकरवार, उपनिरीक्षक आशीष यादव, का.प्र. आरक्षक सुमित सिंह तोमर,आरक्षक भूपेन्द्र राजावत सायबर टीम भिण्ड, सहायक उपनिरीक्षक आस्तिक भदौरिया, प्रधान आरक्षक बृजराज सिंह कुशवाह, का. प्रधान आर रामजी अरेले, का. प्रधान आरक्षक राकेश तोमर, आरक्षक अवधेश सिंह चौहान, आरक्षक रोहिताश सिंह,आरक्षक चालक दीपक तोमर ।





## केंद्रीय मंत्री सिंधिया का भाजपा महिला नेत्रियों ने किया स्वागत

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के भिंड आगमन के दौरान इंदिरा गांधी तिराहे पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती सरोज जोशी, जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सुदर्शन बौहरे, महिला मोर्चा की जिला मंत्री ममता शर्मा समाजसेवी एवं महिला मोर्चा सक्रिय कार्यकर्ता पिंकी राजावत, सीमा काशीपुरा फूलन देवी ,स्नेह लता दुबे ,सीमा जाटव ,नीतू शर्मा, कमला देवी शकुंतला जाटव ,मधु प्रजापति, सोनम शाक्य, साधना शर्मा, उर्मिला भदोरिया ,प्रीति राठोर ,डोली सक्सेना ,ओमवती कुशवाह ,शशि भदौरिया ,रीना भदोरिया, नीलू राजावत नीलू दोहरे आदि बहनों ने श्रीमंत सिंधिया को पुष्पगुच्छ देकर उनकी अगवानी की।

# आंखों की देखभाल एवं जांच बेहद जरूरी: समाजसेवी अखिलेश राय

सीहोर। नगर के वार्ड क्रमांक 19 में पार्षद नरेंद्र राजपूत के सहयोग से सेवा सदन सीहोर भोपाल ब्रांच द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण, शिविर आयोजित किया गया। इस

### निःशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

अवसर पर सर्वप्रथम संत हिरदा राम जी के चित्र पर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री अखिलेश राय एवं उपस्थित जनों द्वारा माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री राय एवं क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र राजपूत के द्वारा शिविर में आए हुए सेवा सदन के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. ईश्वर चौबे जिला समन्वयक संतोष व्यास, डॉ. दीपिका जामोद, डॉ. जितेन्द्र पाठक, अनीता सूर्यवंशी, भावना परमार को पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों एवं महिला पुरुषों की नेत्र जांच की गई एवं आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। अनेक मोतियाबिंद से ग्रस्त मरीजों





को एंबुलेंस के माध्यम से सेवा सदन भोपाल हॉस्पिटल भेजा गया। इस सभी मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही उनके भोजन, ठहरने, आने जाने का प्रबंध सेवा सदन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर श्री अखिलेश राय ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं। आंखें ईश्वर का अनमोल तोहफा हैं। सेवा सदन नेत्र सेवा के इस पुनित कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। निर्धन जरुरतमंद गरीब मरीजों को निःशुल्क इलाज कर मानवता का काम कर रहा है। शिविर में भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह पंवार, मोहन चौरसिया, समाज सेवी महफूज बंटी, गोपाल सोनी, ब्रजमोहन सोनी, डॉ विजेंद्र जयसवाल, पार्षद प्रदीप गौतम, पुरुषोत्तम मीणा, आशीष गुप्ता, पंकज शर्मा, नगर महामंत्री आशीष पचौरी, नगर मंत्री राजेश परिहार, प्रदीप त्यागी, किशोर वशिष्ठ, सतीश कुशवाह, नितिन ताम्रकार, निखलेश गहलोत, अमन दुबे, प्रदीप पाहुजा, महेश विश्वकर्मा, रोहित बागवान, उपस्थित रहे।

## सकारात्मक सोच का नाम ही है यूथ वर्ल्ड: डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेणचा ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के लाजपत भवन सभागार में 15 अप्रैल 2023 को यूथ वर्ल्ड एक्सिलेंसी अवॉर्ड समारोह 2023 का भव्य आयोजन समाज सेवी डॉ महेन्द्र सिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में हुआ संम्पन और देश भर से आई 51 विसिष्ठ प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित । मुख्य अतिथि समाज सेवी डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अपने उद्बबोधन में सम्बोधित करते कहा की यूथ वर्ल्ड सोशल मंच सदैव सकारात्मक कार्यो में सक्रिय रहता है वही मंच देश भर से प्रतिभाओ के प्रोत्साहन के लिए समय-समय पर सेमिनार और अवॉर्ड समारोह के आयोजन कर प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है जिससे प्रतिभाओ को एक दूसरे से मिलने और विचारों का आदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है और आज के इस भव्य समारोह में देश भर से 51 प्रतिभाओं को यूथ वर्ल्ड एक्सिलेंसी अवार्ड से सममानित किया गया इससे अन्य प्रतिभाएं भी प्रोत्साहित होगी और डॉ राजपुरोहित ने यूथ वर्ल्ड की समस्त टीम को सफल आयोजन करने पर बधाई दी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित के साथ दिल्ली एसडीएम गौरव सैनी, मंडोली जेलर विनोद यादव,



सिविल डिफेंस चीफ राजेन्द्र कपूर, पूर्व प्रधान नेंन सिह शखवाली, कान सिह गुडलाई, मघ सिह लखा, कवि सुख सिह आऊवा, नूतन सिह शहडोल, विक्रम सिह राठौड़, आईटीएमयूटी ब्राजील की चांसलर डॉ दीप्ति भदौरिया, समाज सेवी हुक्म सिह भाटी, रश्मि लता मिश्रा, राज कुमार राजपुरोहित, मधु माया सिह सहित विशिष्ठ अतिथियों ने मंच सांझा किया और सभी का आभार यूथ वर्ल्ड सोशल मंच के नेशनल चेयरमैन डॉ भैरु सिह सरवड़ी ने व्यक्त किया।

# रॉयल कोठारिस बने मोतीलाल मूणोत कप के चैम्पियन, गुगलिया सुपरकिंग्स उपविजेता

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** श्री काँठाप्रांत युवक परिषद, बैंगलुरु के तत्वावधान में आयोजित मोतीलाल मूणोत कप÷ क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। ओकलीपुरम स्थित रेल्वे ग्राउंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में टीम रॉयल कोठारिस ने गुगलिया सुपर किंग्स को हराकर खिताब जीता। अरिहंत एवेंजर्स, पितलिया एवेंजर्स, पीजे चेलेंजर्स, गांधी ग्लेडियटर्स, कुबेर रॉयल्स, गुगलिया सुपर किंग्स, रॉयल कोठारिस, वर्धमान ड्रीम्स 11, हॉरिज़ोन स्ट्राइकर्स, जेएफसीसी वारियर्स, टीम एम जे एवं केशरी कैपिटल्स के बीच 4 दिनों तक चले मुकाबलो में पी जे चेलेंजर्स, हॉरिज़ोन स्ट्राइकर्स, गुगलिया सुपर किंग्स एवं रॉयल कोठारिस ने सेमिफाइनल में जगह बनाई तथा एक नजदीकी एवं रोमांचक फाइनल मुकाबले में रॉयल कोठारिस ने गुगलिया सुपरकिंग्स को हराकर मोतीलाल मूणोत कप अपने नाम किया।प्रतियोगिता में प्रवीण सुराणा को सर्वाधिक छक्को, रितिक कोठारी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, प्रवीण सुराणा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं हितेश कटारिया को मेन ऑफ द सिरिज पुरस्कार से नवाजा गया फाइनल मुकाबले के पश्चात पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी शुरुआत काँठाप्रांतीय महिलाओं द्वारा नवकार स्मरण से हुई। परिषद के अध्यक्ष देवराज कोठारी ने सभी का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी ज्ञात एवं अज्ञात महानुभावों को धन्यवाद





दिया। इस दौरान मुख्य प्रायोजक महेंद्र मूणोत, फ़ूड प्रायोजक ललित गांधी,जर्सी प्रायोजक विनोद चानोदिया, खिलाड़ी नीलामी प्रायोजक राजेंद्र कोटरिया, पुरस्कार प्रायोजक श्रीपाल खीवेसरा, हिट एन विन प्रायोजक अमरचंद डागा, शीतल पेय प्रायोजक वसंतराज पितलिया एवं पेविलियन प्रायोजक मीठालाल पटवा का परिषद की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर महेंद्र मूणोत ने कहा कि इस आयोजन से न केवल काँठाप्रांतीय युवा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है साथ ही दर्शकों के रूप में उपस्थित काँठाप्रांतीय बंधुगणों में जुड़ाव व अपनत्व भी बढ़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से काँठा परिषद काँठा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रहा है। केपीपीएल के संयोजक विजय गुगलिया एवं सह संयोजक अमित कोठारी के अनुसार बैंगलुरु में हुए इस आयोजन का रोमांच न केवल बैंगलुरु वासियो ने उठाया अपितु यू ट्यूब के माध्यम से भारत भर में बसे हजारो काँठाप्रांतीय बंधुवर भी इसके साक्षी बने। उनके अनुसार विजेता पुरस्कारों के साथ सभी मेचो के मेन आफ द मेच रहे खिलाड़ियों, मेच रेफ़रियों, ग्राउंड्स मेन इत्यादि को भी सम्मानित किया गया। मोतीलाल मूणोत कप के लगातार इस पांचवे आयोजन में हिस्सा ले रहे लगभग सभी टीम मालिकों ने आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए सफल आयोजन हेतु परिषद को धन्यवाद दिया। मोतीलाल मूणोत कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सीजन 5 की सफलता में परिषद के ट्रस्टियों, प्रायोजकों, टीम मालिकों, खिलाड़ियों के साथ साथ केपीपीएल खेल समिति के अरविंद टपरावत, अशोक कटारिया, भरत गांधी, चेतन कटारिया, देवेंद्र सिंघवी, दिलीप पटवा, गिरीश जैन, जयंत सेहलोत, मनोज गुगलिया, मनसुखलाल गांधी, राहुल कटारिया, राजेश कटारिया, सेखर चानोदिया इत्यादि का अहम सहयोग रहा।

## पुरानी पेंशन योजना लागू करने दिखाई एकता

### संवेधानिक मार्च आक्रोश रेली में हुए हजारों कर्मचारी शामिल

**सीहोर।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु तथा प्रांत अध्यक्ष परमानंद डहेरिया के आह्वान पर 16 अप्रैल को सीहोर में बाल विहार ग्राउंड पर समस्त कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। जिसमें सभी विभागों के लगभग 5 हजार कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने प्रथम नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन बहाल करने का संकल्प लिया। साथ ही पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर पेंशन नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए।

धरना प्रदर्शन के पश्चात समस्त कर्मचारियों ने पेंशन मार्च निकाला। बाल बिहार ग्राउण्ड से प्रमुख मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेड कार्यालय पहुंचकर राष्टपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अपर सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। सभी ने एनपीएस योजना खत्म कर पेंशन अधिनियम 1972 को लागू करने की माँग रखी। उपस्थित साथियों का जिला संयोजक जीवन सिंह ठाकुर ने आभार माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विश्वजीत त्यागी, सतीश त्यागी, कमल बैरागी, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, चेतन कुमार आर्य वन कर्मचारी संघ जि.अ. सवाई सिंह परिहार, मनोहर सिंह मालवीय ,संजय सक्सेना, मुकेश कुशवाह, गोपाल सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, रमन तिवारी, महेन्द्र सौलंकी, मनीष सारसिया, मदन सिंह परमार, इंदर सिंह ठाकुर, मनोहर जैन,यशवंत ठाकुर, पूर्णिमा भेरवे, करुणा भार्गव, सीमा खरे, भारती मालवीय, प्रदीप नागिया , राजेश गुनावदिया, कल्याण सिंह परमार मुबारिक खान , माला चतुर्वेदी, शोभारानी



कुशवाह, संतोष सोनी, मनीषा शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र ठाकुर, सुशील सौलंकी, इलियास खान, पुरुषोत्तम शर्मा, डी.एल.माण्डेकर, दिनेश मेवाड़ा, संजय जैन, चन्द्रशेखर वर्मा, अशोक वर्मा, तरूण बैरागी, सतीष राठौर, कैलाश यादव, महेश मालवीय, विरेन्द्र व्यास, ताजवर वहाब, बरखा जैन, ज्ञान सिंह पचलासिया, पुरुषोत्तम मण्डलोई, जी.एस.वर्मा, कृपाल ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मी पाल, ममता यादव, सुलोचना ठाकुर, सुनीता मालवीय सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौसम-माहौल में बदलाव से उपजी विकट स्थिति

कभी बैसाखी का आना खुशियों का मौसम हुआ करता था, परिपूर्णता और गतिविधियों से लबरेज़। यह वर्ष 1699 में बैसाखी का दिन था जब खालसा पंथ का जन्म हुआ था। मशीनीकरण होने से पहले, कृषि कार्य निरोल रूप से मानवीय श्रम आधारित थेङ्ग बुवाई, कटाई, बालियों से दाने अलहदा करना, निकले दाने संभालना। फिर किसान उत्पाद लेकर मंडी जाते और मंडियां आढ़तियों, विक्रेता-खरीदार की गतिविधियों से गुलजार हो उठती। पैसा हाथ बदलता और किसान एवं व्यापारी अपने-अपने घर को खनकती जेबें और बच्चों के लिए उपहार लेकर जाते। यह समय होता भांगड़ा डालने और अन्य आमोद-प्रमोद गतिविधियों का, बशर्ते मौसम और भगवान मित्रवत्‌ हों।

हालांकि हर गुजरता साल हमारे कृषि क्षेत्र की नाजुकता दर्शाने लगा है, जिसको आज की तारीख में बदलते मौसम से और अधिक खतरा होने लगा है। उत्तर भारत में इस साल रबी का मौसम अजीब रहा, पहले 2022-23 में अधिकांश समय सूखा रहा तो मार्च में बहुत अधिक बारिश देखी। एक तो सूखे ने फसलों की वृद्धि को लगाम लगा दी, फिर बारिश और तेज-हवा-ओलावृष्टि ने जमीन पर बिछा डाला, जिससे अन्न की गुणवत्ता और मात्रा खराब हुई है।

हालांकि खेती का अब काफी हद तक मशीनीकरण हो चुका है लेकिन कम्बाइन मशीनें, जिन पर किसान कटाई के लिए काफी निर्भर हैं, वह बिछी फसल में कारगर नहीं रह पातीं, तब कटाई हाथों से करनी पड़ती है। लेकिन इससे कटाई मजदूरों की कमी बन जाती है और मेहनताना अचानक बहुत बढ़ जाता है। कुल मिलाकर यह साल किसान के लिए हारा हुआ खेल है, मंडियों में बारिश से खराब हुए दाने की खरीद आसानी से नहीं हो पाएगी।



मुझे पक्का यकीन है, सदा की भांति, चांद-सितारों का वादा करते राजनीतिक नेतृत्व ने अपना कहा पूरा नहीं कर दिखाया होगा। वर्ना अब तक तो किसानों, मंडियों और खरीदार एजेंसियों तक व्यवस्थित इंतजाम बनाने और ठोस धरातल पर परिणाम प्राप्त करने हेतु निगरानी के लिए विधायक, मंत्री और नौकरशाह अंदरूनी ग्रामीण अंचल पहुंच चुके होते। सतह के ऊपर, यह काम न्यूनतम प्रतिक्रियात्मक प्रक्रिया वाला हो सकता था लेकिन काफी देर बाद में नींद खुलने पर क्रियान्वयन करने और खेती के लिए एक अधिक सोच-विचार युक्त रवैया रखने के बारे में क्या कहें? मौसम में बदलाव अब एक हकीकत है, यह भूमिगत जल की सतह बहुत नीचे चले जाने और मिट्टी की गुणवत्ता का ह्रास जितना यथार्थ है। यहां अपने स्वास्थ्य की बात क्या करें, गेहूं-चावल का अनवरत फसली चक्र, जिसके उत्पादन में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग होता है, वह हमारे लिए कितना लाभप्रद होगा?

आज न केवल हाथ से होने वाली बिजाई बीते दिनों की बात हो चुकी है बल्कि परम्परागत फसलें जैसे कि चारा, मोटा अनाज, मूंगफली और दालों के पुश्तैनी बीज भी हम गंवा चुके हैं। पुराने वक्त का फसल-चक्र हरित क्रांति और देश की खाद्यान्न निर्भरता बनाने की भेंट चढ़ गया। आज किसानी को टिकाऊ बनाने के लिए एक नई योजना की ओर मोड़ने की जरूरत है। अफसोस कि यह योजना कभी न बन पाई और किसान को अकेले पड़कर, अपना हल जोतते रहना पड़ रहा है और हम यानी लोगों को उस विविधतापूर्ण अन्न से महरूम रहना पड़ रहा है जो हमारी धरती मां हमें देना चाहती है। हमारे मेज पर लगे खाने की गुणवत्ता चाहे-अनचाहे खेत और खेती से जुड़ी है, इसको हम अपनी खुद की और भावी नस्लों के स्वास्थ्य की कीमत पर नज़रअंदाज कर सकते हैं।

बैसाखी कभी वह मौसम था जब तमाम आस्थावानों की भारी संख्या गुरुद्वारों और मंदिरों का रुख करती। यह तीर्थयात्रा सरीखे होते और हवा में संयुक्त रूप से खुशियां मनाने की खुशबू जुड़ जाती। इन पवित्र स्थानों की ओर जाती सब राहों पर जगह-जगह लंगर लगते, जहां पर स्वयंसेवक आपको रुककर लंगर ग्रहण करने की मनुहार करते। अब तो त्योहार कोई भी हो, वह पहले-सा जिज्ञासापूर्ण कौतूहल नहीं रहा, जो कभी हुआ करता था। अब तो उलटे इनकी आमद से आशंका पैदा होती है। किसी भी बड़े त्योहार आने से पहले, पुलिस-प्रशासन द्वारा चौकसी बरतने के परामर्श जारी होने लगते हैं, चेतावनियां जारी होती हैं, पुलिस बल फ्लैग मार्च करते हैं। कुछ जगहों पर, हिंसा हो जाती है, मामले दर्ज होते हैं और कुछ शरारती तत्वों की धरपकड़ होती है। परंतु इस हिंसा के सूत्रधारों का क्या, इनके पीछे के अदृश्य हाथों का क्या? जहां तक मेरी याद्‌दाश्त है, आजादी के बाद, सैकड़ों की संख्या में हुए दंगों में शायद ही कभी कोई बड़े नेता को या समूह को पकड़ा गया हो। जांच आयोग बिठा दिए जाते हैं, जिनकी दी रिपोर्टें सत्ता के गलियारों में धूल फांकती हैं या फिर उन गुप्त तिजोरियों में दफन कर दी जाती हैं जहां कभी दिन की रोशनी नहीं पहुंचती। इस किस्म की जांचें सामान्यतः दंगों के कारणों को खोज निकालती हैं और भविष्य के लिए एहतियाती उपाय भी सुझाती हैं। जिन प्रसंगों में हालत दियासिलाई की एक तिल्ली यानी एक नारे से अचानक विस्फोटक बन जाते हैं, उसके पीछे अवश्य ही पहले से चले आ रहे कुछ कारण होते होंगे। वहीं दूसरी ओर सरकारें, त्योहारों से जुड़े दंगे-फसादों से निपटने में ज्यादा मशगूल लगती हैं, खासकर जुलूसों के दौरान भड़की हिंसा में, जिसमें दंगा भड़काने वाले एजेंट अराजकता को उकसाते हैं, जैसा कि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, बिहार इत्यादि में देखा गया।

पंजाब के क्षितिज पर एक नया खतरा मंडराने लगा है। एक संगठन जिसका कुछ महीने पहले तक वजूद तक नहीं था, वह समाचारों की सुर्खियां और राजनीतिक चर्चाओं के ध्यान का केंद्र बना है। इस तथाकथित आंदोलन, संगठन, इसकी सदस्यता और नेतृत्व के पीछे के मूल स्रोत को लेकर लोगों को भरोसे में लेना बाकी है। यह जानना भी जरूरी है कि आखिर इसके लिए आर्थिक मदद आ कहां से रही है? शस्त्र, यदि कोई है तो वे कहां से आए? इन सभी सवालों के जवाब फौरी तौर पर देना लाजिमी है वर्ना हर तरह की अफवाहें गर्म रहेंगी। तफ्तीश में पुलिस ने सैकड़ों युवाओं को उठाया और छोड़ा भी है तो कुछ को असम स्थित जेल भेजा गया है। उनकी पूछताछ में क्या निकला? आखिरकार, उस नेता का क्या जो पुलिस से भागा-भागा फिर रहा है और ऐसा क्यों लग रहा है कि पुलिस भी इस चूहे-बिल्ली के खेल का मजा ले रही है? वह भगोड़ा देखा हर जगह गया लेकिन पकड़ा फिर भी नहीं जा रहा। इन तमाम सवालों के जवाब देने की जरूरत है क्योंकि घटनाओं पर नज़र रखने वाले किसी आम जन के लिए जो कुछ पंजाब में हो रहा है वह कोई बड़ा आंदोलन लगता नहीं। अधिसंख्य जनता का बड़ा भाग कटाई में व्यस्त है। जो काम कम-से-कम सरकार कर सकती है, वह है, तमाम राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों की बैठक बुलाना, उन्हें भरोसे में लेना और जो भी समस्या भविष्य को लेकर भांप रही है, उससे निपटने में उनके सहयोग की अपील करना। गेहूं की कटाई से लेकर सूबे के सिर मंडराते खतरे तकङ्गखुशियों और समृद्धि का त्योहार एक विकट मामला बनकर रह गया है।

## संपादकीय

# जरूरी युद्धाभ्यास


भारतीय सेना व वायुसेना ने पिछले दिनों एलएसी पर सफल संयुक्त युद्धाभ्यास करके चीन को संदेश देने का प्रयास किया कि भारत अपनी सीमाओं को मिलने वाली किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है। निस्संदेह, ऊंची व जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में युद्ध करने का भारतीय सेना का अनुभव समृद्ध रहा है। लेकिन जिस तरह चीन ने पिछले दिनों लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास किया, उसके मद्देनजर युद्धाभ्यास के जरिये चीन को चेताना जरूरी हो गया था। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में नंबर एक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा चीन लगातार अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार देता रहा है। इसी कड़ी में वह भारत के आसपास के छोटे देशों में धनबल-छलबल से अपने कूटनीतिक हितों का विस्तार करता रहा है। नेपाल की राजनीति में दखल के अलावा उसने श्रीलंका की विषम आर्थिक परिस्थितियों का लाभ उठाकर उसके एक महत्वाकांक्षी बंदरगाह तक का अधिग्रहण कर लिया है। जिसके तट पर खुफिया समुद्री जहाज के रुकने का भारत ने कड़ा प्रतिवाद किया था। दशकों से चीन के पिट्ठू रहे पाकिस्तान में बन रहे महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे के जरिये भी चीन भारत के लिये नई चुनौती पैदा कर रहा है। उसकी महत्वाकांक्षाओं का अंत यहीं नहीं हुआ, अब वह भारत के इलाके में दखल बनाने के मकसद से दशकों से भारत के अभिन्न मित्र रहे भूटान पर दबाव बना रहा है ताकि भारत की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर सके। इन परिस्थितियों के आलोक में चीन सीमा पर भारतीय सेना व वायुसेना द्वारा किया गया युद्धाभ्यास वक्त की जरूरत ही था। एलएसी पर कई वर्षों से जारी गतिरोध के बीच हुए इस युद्धाभ्यास में भारत के बड़े जहाज ग्लोबमास्टर व चिनूक हेलीकॉप्टर आदि ने भाग लिया। चीन द्वारा सिक्किम, पूर्वी लद्दाख व हाल में अरुणाचल के शहरों के चीनी नाम रखने के चलते उत्पन्न हालात में इस तरह के सैन्य अभ्यास अपरिहार्य ही हैं।

# भूस्खलन और जलवायु परिवर्तन की चुनौती

अभी तक लगभग सात लाख लोग चार धाम यात्रा के लिए अपना पंजीयन करवा चुके हैं। अकेले बदरीनाथ के लिए चार लाख से अधिक पंजीयन हैं। इसके अलावा सरकार ने घोषणा की है कि उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को पंजीयन की जरूरत नहीं है। हेलीकाप्टर सेवा का पंजीयन शुरू हुआ और 30 अप्रैल तक के सभी 6263 टिकट बिक गए। याद रहे गत वर्ष एक लाख 36 लोगों ने हेलीकाप्टर सेवा का इस्तेमाल किया था। विदित हो गंगोत्री-यमुनोत्री के पट 22 अप्रैल को खुल जायेंगे जबकि बदरीनाथ के 27 को। इसी साल जनवरी में जोशीमठ शहर का धंसना शुरू हुआ था, जो अभी भी जारी है, बस अब किसी को उसकी परवाह नहीं है। ऋषिकेश से बदरीनाथ तक का राष्ट्रीय राजमार्ग जोशीमठ होते हुए ही चीन की सीमा पर बसे माणा तक जाता है, इस मार्ग का 12 किलोमीटर हिस्सा जोशीमठ से गुजरता है।

जोशीमठ में बरपे कुदरती कहर के बाद 81 परिवारों के 694 लोगों पर नई आफत आ गई है क्योंकि अभी तक तो ये लोग शहर के निरापद हिस्से में बने होटल-धर्मशालाओं के एक-एक कमरे में जैसे-तैसे दिन बिता रहे थे, अब इनको यह स्थान खाली करने को कह दिया गया है क्योंकि चार धाम यात्रियों की बुकिंग आने लगी है। सरकार ने ढाक में कुछ प्री-फेब्रिकेटेड मकान बनाये हैं लेकिन अभी उनका वितरण नहीं हुआ है। जब दुनिया पर जलवायु परिवर्तन का कहर सामने दिख रहा है, हिमालय पहाड़ पर, विकास की नई परिभाषा गढ़ने की तत्काल जरूरत महसूस हो रही है। तब हम इन सभी खतरों को नज़रअंदाज़ कर हजारों लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

इस समय चमोली के गोचर से बदरीनाथ तक के 131 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर 20 स्थान ऐसे हैं जहां लगातार भूस्खलन हो रहा है। मारवाड़ी क्षेत्र में सर्वाधिक मलबा गिर रहा है। चटवा पीपल से पंच पुलिया के बीच का हिस्सा, नंदप्रयाग का पर्थाडीप का हिस्सा, मैठाणा, कुहड़ से बाजपुर के बीच का हिस्सा, चमोली चाड़ा, बिरही चाड़ा, भनारपानी, हेलंग चाड़ा, रेलिंग से पैनी तक, विष्णुप्रयाग से टैया पुल के पास तक का हिस्सा, खचड़ानाला, लामबगड़ से जेपी पुल तक का हिस्सा, हनुमान चट्टी से रड़ांग बैंड के बीच वाले हिस्से में कभी भी मलबा गिर सकता है, यह बात प्रशासन ने स्वीकार की है।



यमुनोत्री जाने वाला उत्तरकाशी के धरासू से जानकी चट्टी तक के 110 किलोमीटर सड़क को नाम भले ही हाईवे का दिया हो लेकिन बड़े अधिकारी खुद यमुनोत्री हाईवे की स्थिति को बेहद खराब बता चुके हैं। वे कह चुके हैं कि हाईवे पर कई स्थानों पर बोटल नेक है, चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है, इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन ने राना चट्टी व किसाला मोड़ पर हाईवे को संवेदनशील बताया है। इसके अलावा कुथ्नौर पूल, पालिगढ़, नागेला, फूलचट्टी जैसे सात स्थान भूस्खलन प्रभावित घोषित हैं। केदारनाथ धाम जाने वाले रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड पर भी धंसाव की खबरें हैं। प्रशासन उसमें मलबा भर रहा है लेकिन थोड़ी बरसात होते ही मलबा भी बह जा रहा है और दरारें गहरी हो रही हैं। चिन्यालीसौड से गंगोत्री तक के 140 किलोमीटर लंबे रास्ते को 52 किलोमीटर को मलबा गिरने के लिए अति- संवेदनशील घोषित किया गया है।

जान लें पहाड़ पर जहां-जहां सर्पीली सड़क पहुंच रही है, पर्यटक का बोझा बढ़ रहा है, पहाड़ों के दरकने-सरकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने सन्‌ 2018 में एक अध्ययन करवाया था जिसके अनुसार छोटे से उत्तराखंड में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन ज़ोन के रूप में चिन्हित किये गये। रिपोर्ट कहती है कि राज्य में चल रही हज़ारों करोड़ की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काट कर या जंगल उजाड़ कर ही बन रही हैं और इसी से भूस्खलन ज़ोन की संख्या में इजाफा हो रहा है।

चार धाम यात्रा के लिए एक बड़ी चुनौती बेमौसम बर्फ़बारी होना भी है। मार्च महीने के आखिरी हफ्ते में जमकर बर्फबारी हो गई। पहले तो यहां बर्फ साफ़ कर दी गई थी लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी के कारण फिर से यहां बर्फ जमने लग गई है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण केदारनाथ धाम में द्वितीय चरण के पुनर्निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहे हैं। अब मौसम साफ होने पर कामगार दोबारा केदारनाथ धाम जाएंगे। केदारनाथ मंदिर परिसर में चार से पांच फीट बर्फ जमी थी, जिसे मजदूरों ने साफ कर दिया था, लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी के कारण मंदिर परिसर में फिर से बर्फ जमने लग गई है। हेलीपैड से केदारनाथ में लगातार बर्फ की सफाई जारी है। यहां मशीनों के जरिए भी बर्फ को साफ किया जा रहा है। हालांकि इसके बाद एक बार फिर केदारनाथ पैदल मार्ग ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है।

## श्रेष्ठ गुणों का चिंतन

कर्म करो ऐसे न दुखे दूसरों का दिल,
मनमुटाव छोड़कर अब गले मिल,
सोच को खूब ऊंचा उठाओ,
गर्व से सिर को करके ऊँचा दिखाओ,
भला करने वाले हर जगह खुशबू बिखेरते,
अच्छे विचार ही सदा सद्पुरुषों को घेरते,
लगाओ दूसरों की सेवा में खुद का तन,
करो जीवन में सदा श्रेष्ठ गुणों का चिंतन।

मन और अभिव्यक्ति की झलक जब एक जैसी,
बनाती है सामंजस्य खुलापन दिखाती है वैसी,
एक ही मुख वाले होते हैं अंदर और बाहर,
नहीं मुखोटों की जरूरत न ही कोई दहाड़,
होकर निडर सीना है तानते,
हर किसी की इज्जत करना वे जानते,
नियंत्रण में रहता है ऐसे लोगों का मन,
करो जीवन में सदा श्रेष्ठ गुणों का चिंतन।

कर्म से पूर्व जो अटपटे विचार लाते,
जो अपने ही विचारों से खुद को सताते,
दूसरा भी कैसे करें उसकी मदद,
संघर्ष है मन में संशय की जद्दोजहद,
अनसुलझे विचारों की पोटली लेकर घूमते,
वर्तमान में रहकर भी भूत भविष्य को चूमते,
विचारों को व्यवस्थित करने में कर कुछ यत्न,
करो जीवन में सदा श्रेष्ठ गुणों का चिंतन।

सही समय पर सही कर्म करना अच्छा होता,
भूल जाए जो बातों को जिंदगी भर रोता,
कर निर्धारित जीवन में मेहनत और आराम,
पसीना है बहाना जब तक नहीं होती शाम,
मकड़जाल में फंसकर रहना जिंदगी है अधूरी,
खुशी से बिता जीवनभर जिंदगी पूरी,
सुपथ पर बढ़ने का करें हम मनन,
करो जीवन में सदा श्रेष्ठ गुणों का चिंतन।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# बुजुर्गियत और ठहरा, थका अमेरिका!

श्रुति व्यासअमेरिकी राजनीति में बड़े मियांओं का बोलबाला है। इस कदर किसब ठहरा सा, सब कुछ बासा-बासा सा लगता है। और सन 2025 तक तो वहां राजनीति और गतिहीन व सुस्त हो जाएगी। जो बाईडन ने 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लडने का फैसला किया है। बाईडन 80 साल के हैं और दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपतियों में से एक हैं।उधर76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होने की प्रबल सम्भावना है। सो कही अमरीका भी अपने राजनीतिज्ञों की उम्रदराज़, बुढ़ा नहीं हो चला है?शक नहीं कि जो बाईडन ने अपने कठिन कार्यकाल में जबरदस्त सक्रियता व कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्हे गंभीर अंदरूनी और बाहरी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसलिए उनके राष्ट्रपति बनने के समय से ही यह प्रश्न पूछा जाता रहा है और पूछा जाता रहेगा कि क्या वे फिर राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे? या फिर वे अपनी उम्र के मद्देनजर चैन की बंसी बजाते हुए रिटायर्ड जीवन गुजारने का फैसला लेंगे? आखिरकार उन्हें राजनीति में बहुत समय हो गया है। वे अपनी युवावस्था से राजनीति में हैं। सन्‌ 1972 में वे सीनेट के लिए चुने गए थे। इस तरह उनका सार्वजनिक जीवन आधी सदी से लम्बा हो गया है। अगर वे दुबारा राष्ट्रपति बनते हैं तो अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति तक वे 86 साल के हो होंगे। हाल में व्हाईट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बिल क्लिंटन की मेजबानी की जो तीन दशक पहले राष्ट्रपति थे किंतु उनसे चार साल छोटे हैं।और जो बाईडन अकेले नहीं हैं। सीनेट के रिपब्लिकन सदस्य मिच मेकोनेल 81 साल के हैं? उनके नाम सीनेट के इतिहास में सबसे अधिक अवधि तक सदस्य रहने का रिकार्ड है। वे रिटायर होने के मूड में कतई नहीं हैं। चक शूमर, जो इसी सदन में बहुमत प्राप्त डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं, 72 साल के हैं। सीनेटर बर्नी सेंडर्स, जो पिछली दो डेमोक्रेटिक प्रायमरीज में वामपंथियों के अगुवा रहे हैं, 81 साल के हैं। पिछले साल तक 82 वर्ष की नेन्सी पिलोसी, हाउस ऑफ






रिप्रेजेन्टेटिव्स में डेमोक्रेटों की नेता थीं और वे अपनी पार्टी की सबसे लंबी अवधि की नेता है। उनके रिटायरमेंट की वजह उनकी आयु नहीं बल्कि रिपब्लिकनों के पक्ष में लहर थी।जो बाईडन और डोनाल्ड ट्रंप ऐसे पहले राजनेता नहीं हैं जिनकी उम्र को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं और आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। सन्‌ 1984 में एक शो में जब संचालक ने रोनाल्ड रीगन को याद दिलाया कि वे अमेरिका के (उस समय तक के) वृद्धतम राष्ट्रपति हैं, तो 73 साल के रीगन ने जवाब दिया-मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि मैं उम्र को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना चाहता। मैं अपने प्रतिद्वंदी की कम उम्र और अनुभवहीनता का उपयोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करना चाहता!÷ रीगन भारी बहुमत से दुबारा राष्ट्रपति बने।सन्‌ 2009 से बाईडन के निजी चिकित्सक रहे केविन ओ कोनर के अनुसार बाईडन अब भी 80 साल के एक स्वस्थ और फुर्तीले पुरूष हैं जो राष्ट्रपति पद से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए फिट हैं। जहां तक डोनाल्ड ट्रंप का सवाल है, व्हाईट हाउस के एक डाक्टर के अनुसार उनकी जीन्स इतनी अपूर्व और असाधारण हैं कि यदि वे अपने खानपान का थोड़ा सा भी ख्याल रखते तो कम से कम 200 साल जीते। अपनी रिपब्लिकन पार्टी से जो नेता ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं उनमें हैली के अलावा फ्लोरिडा के 44 वर्षीय गवर्नर रोन डेसांटिस, पूर्व विदेशमंत्री माईक पोमपियो जो 59 साल के हैं, पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेन्स, जो इस धरती पर 63 साल बिता चुके हैं, और 57 साल के सीनेटर टिम स्काट, शामिल हैं।तो 82 और 77 साल के ये बड़े मियां फिर से चुनाव क्यों लडना चाहते हैं? एक कारण सत्ता प्रेम हो सकता है। जहां तक ट्रंप का सवाल है, वे सत्ता से दीवानगी की हद तक प्रेम करते हैं। या फिर यह भी हो सकता है कि अमरीकी राजनीतिज्ञ यह मानते हों कि उम्र रिटायरमेंट का कारण नहीं हो सकती बल्कि वह तो उन्हें सत्ता में रहने के लिए और सुपात्र बनाती है। भारत में भी यही हाल है। हमारे अधिकांश नेता खासे बुजुर्ग हैं। बहुत से 70 के पार हैं और कुछ 80 के पार भी। परंतु रिटायरमेंट के बारे में शायद वे सोचते ही नहीं हैं। वे दिन-रात सत्ता के पीछे भाग रहे हैं और युवाओं को पप्पू' और वंशवाद के लाभार्थी' ठहरा रहे हैं। सत्ता हासिल करने के लिए वे देश को बांटने के लिए तैयार हैं, जैसे इस समय अमेरिका बंटा हुआ है। ऐसा कहते हैं कि सत्ता भ्रष्ट करती है। मुझे ऐसा लगता है कि सत्ता, 70 साल के बाद व्यक्ति के दिमाग को भी भ्रष्ट कर देती है। कई लोग कहते सुने जाते हैं कि नौकरी से रिटायरमेंट के बाद वे जनसेवा' में जुट जाएंगे जिसका अर्थ होता है राजनीति में जाना। जहां तक युवाओं का सवाल है, 18 से 35 साल के लंबी दाढियों और शिकायतों की उससे भी लंबी लिस्ट लिए चिर असंतुष्ट युवकों की फौज अमेरिका और भारत दोनों में है।और ये नौजवान किसी भी ऐसी सरकारी रेवड़ी या लाभ प्राप्त करने को आतुर रहते हैं जिसके लिए उन्हें कोई काम न करना पड़े।राजनीति में अक्सर जो दिखता है, हम उसे ही सही मान लेते हैं।अमरीका की कांग्रेस में वर्तमान सीनेट इतिहास में बुजुर्गियत के लिहाज से दूसरे नंबर (औसत आयु 63.9 वर्ष) पर है और हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स तीसरे नंबर (औसत आयु 57.5 वर्ष) पर। अर्थात, बुजुर्गों का यह जमावड़ा उस देश पर शासन कर रहा है जिसकी औसत आयु 38 वर्ष है। अमेरिकी भी नहीं चाहते कि बाईडन साहब फिर से चुनाव मैदान में कूदें। इसका कारण वे यही बताते हैं कि उनकी उम्र कुछ ज्यादा हो गई है। परंतु जब समय आएगा तब वे 80 साल के इस आदमी को फिर से चुनाव जिता देंगे। सड़कों पर विरोध और समर्थन में प्रदर्शन होंगे तथा देश और विभाजित हो जाएगा। भारत हो चाहे अमेरिका दोनों में ऐसे नेताओं को चुना जाना बंद होना चाहिए जिनकी उम्र कुछ नया सोचने और करने की नहीं रह गई है। लोगों को ऐसे हाथों में शासन की बागडोर देनी होगी जो अपने जीवन के पांचवें दशक या ज्यादा से ज्यादा छठवें दशक के शुरूआती सालों में हों।

# लगता है पढ़े-लिखे लोगों को नापसंद करती है भूपेश सरकारः ओपी चौधरी

## पढ़-लिखकर नये नौकरी पाये छत्तीसगढ़िया भाई-बहनों के वेतन पर डाका डालना बंद करे भूपेश सरकारः ओपी चौधरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पड़-लिख कर नये नौकरी पाये छत्तीसगढ़िया युवा भाई-बहनों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री को छत्तीसगड़ के पड़े लिखे युवा कुछ ज्यादा ही नापसंद हैं,इसलिए वे राज्य के छोटे छोटे गांवों से निकलकर पड़ लिखकर आगे बड़ने अपनी योग्यता के बूते सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं का शोषण करने के गलत तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। युवाओं के वेतन पर डाका डाल रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद उन्होंने युवाओं के शोषण का नया नियम बनाया, जिसके अनुसार पहले साल की नौकरी में वेतन में 30 प्रतिशत की कटौती दूसरे साल की नौकरी के वेतन में 20 प्रतिशत की कटौती और तीसरे साल की नौकरी के वेतन में 10 फीसदी कटौती का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री अलग-अलग तरीके से युवाओं पर अत्याचार कर रहे हैं।ऐसा पूरे देश में कहीं नहीं है। मध्यप्रदेश में कुछ समय के लिए कांग्रेस की सरकार में यह शोषण की व्यवस्था लाई गई थी। भाजपा की सरकार बनते ही इस शोषण की व्यवस्था को खत्म कर दिया गया। नई नौकरी पाने वाले परिवीक्षा अवधि में रहते हैं। वह कोई हड़ताल नहीं कर सकते। जिसका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनुचित फायदा उठा रहे हैं। यह शोषणकारी व्यवस्था तत्काल समाप्त की जाए और युवाओं को एरियर्स के साथ ही उनका पूरा वेतन दिया जाए। प्रताड़ना के इन्नोवेशन करना बंद करे भूपेश सरकार। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि युवाओं का शोषण करने वाली सरकार अब सिर्फ छह माह की मेहमान है। भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में भी इन युवाओं का शोषण उसी तरह बंद कर दिया जाएगा, जैसा मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार कर रही थी और जिसे भाजपा की सरकार ने आते ही समाप्त कर दिया। तब तक भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार द्वारा किये जा रहे युवाओं के शोषण के खिलाफ भाजपा संघर्ष करेगी।

# भूपेश राज में सरकारी अस्पताल वेंटिलेटर परः डॉ. बांधी

रायपुर। छत्तीसगड़ के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने राज्य के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक दुर्दशा का हवाला देते हुए कहा है कि भूपेश बघेल के राज में छत्तीसगड़ की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। कांग्रेस सरकार की लापरवाही से छत्तीसगड़ के गरीब बेमौत मर रहे हैं। भूपेश बघेल ने गरीबों की छत छीनी तो टीएस सिंहदेव ने पंचायत विभाग छोड़ दिया। भूपेश बघेल गरीबों की जान से खेल रहे हैं तो अब सिंहदेव या तो जनता के प्रति स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संवेदनशील दृड़ता से निभाएं और अस्पतालों की जरूरत पूरी करें। अन्यथा पंचायत विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग भी छोड़ने की नैतिकता दिखाएं। भूपेश बघेल से तो तनिक भी नैतिकता की उम्मीद नहीं कर सकते लेकिन सिंहदेव से उम्मीद की जा सकती है। यदि वे जनता की जिंदगी से खिलवाड़ को चुपचाप बैठे बर्दाश्त करते रहे तो यही माना जायेगा कि उन्हें छत्तीसगड़ियों की जान से ज्यादा अपनी कुर्सी प्यारी है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बांधी ने कहा कि जब राजधानी के अंबेडकर अस्पताल में सभी प्रकार की जांच की मशीनें कबाड़ में बदल जाये, जांच के अभाव में मरीजों का उपचार बाधित हो, जब स्वास्थ्य मंत्री के अपने इलाके के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही से मासूम नवजात शिशुओं की मौत हो जाये, जब आये दिन बस्तर में डेरा डालने वाले मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अज्ञात बीमारी से आदिवासियों को मरने छोड़ दें, जब इनके राज में 25 हजार शिशुओं की मृत्यु हो जाये, जब इनके राज में पूरे छत्तीसगड़ की स्वास्थ्य व्यवस्था दम तोड़ दे, तब इन्हें कुर्सी से चिपके रहने का कोई अधिकार नहीं है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बांधी ने कहा कि भाजपा की डॉ. रमन सिंह सरकार के समय उपलब्ध कराई गई मशीनों का भूपेश सरकार रखरखाव तक नहीं कर सकी। सभी प्रकार की जांच मशीनें जब अंबेडकर अस्पताल में बंद हैं तब सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। छह माह बाद जनता को कांग्रेस से मुक्ति मिलने वाली है, तब प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का उद्धार हो जायेगा। लेकिन तब तक जनता को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। भाजपा प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने सरकार के खिलाफ संघर्ष करेगी।

# क्षेत्रीय विधायक डावर का अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा आज पहुंचे ग्राम कैशवपुरा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ समिपथ ग्राम सिलोटिया डालकी श्रीखंडी हनुमन्तिया कैशवपुरा में पहुंच कर जनता से रूबरू हुए इन पांचों का गांव का दौरा करते हुए दो ग्रामो को बर्तन भी दिये गये ओर इन गांवों को सामुदायिक भवनों की भी सौगात दी गई है विधायक केदार डावर द्वारा बताया बनी तो 2 लाख रुपए तक किसानों के क़र्ज़ माफ किया जायेगा और हर बहनों को प्रति माह 1500 रूपए पेंशन दी जायेगी विधायक केदार डावर द्वारा मध्यप्रदेश सरकार को अंधी बहरी गुग्गी कोसते हुए कहा गया की हम सभी विधायकों ने प्रदेश सरकार से मांग की गई की विधायक निधि की राशि बढ़ाई जाये इसमें हमें राशि कम पड़ रही है जनता को हम संतुष्ट नहीं कर रहे हैं न कर पा रहे हैं सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से यह मांग की लेकिन सरकार ने राशि बढ़ाना तों दुर उल्टा 25 लाख रुपए विधायक निधि के कम कर दिया गया इसलिए जनता को कहा गया की देखा यह सरकार का खेल है क्योंकि राशि कम करने से सरकार की जरूरत पुरी हो जाती है फिर हमारी उनको क्या जरूरत है क्षेत्रीय विधायक केदार डावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र लगातार जनसंपर्क करते हुए जनता से रूबरू हो रहे कई ग्रामीण जन से यह बात करते हुए कहा की आभी बजट नहीं है मई माह में बजट आने पर आप के गांव का काम हो जायेगा कैशवपुरा के ग्रामीणों ने विधायक के आगे यह बात करते हुए कहा गया की कैशवपुरा गावसन डालका होते हुए यह मांग कब तक बनेगा विधायक केदार डावर द्वारा बताया गया की इसकी राशि आने पर शिग्र बनेगा स्वीकृत हो चुकी है डेडंर होने पर काम शुरू किया जायेगा और भी कोई समस्या हो तो तत्काल मुझे बताना।



विधायक डावर जनता की समस्या को भी सुना क्षेत्रीय विधायक केदार डावर एवं उनकी टीम को देखते हुए सभी ग्राम में विधायक का जोरदार स्वागत किया गया गया की आने वाले विधानसभा चुनाव नजदीक है और कांग्रेस कमेटी मध्यप्रदेश के एवं पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के कमल नाथ द्वारा घोषणा की है की कांग्रेस सरकार

# जरुरतमंद के काम आते नौजवान

## रक्तदान करने से युवाओं को मिलती है खुशी



**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजलि टुडे**

**दमोह।** जिला अस्पताल में निरंतर रक्त कि कमी के चलते रक्तदान सेवी पं राम मिश्रा को जैसे ही जानकारी मिली कि अस्पताल में किसी व्यक्ति को रक्त कि जरुरत है उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर अपने साथी रक्तदाताओं से संपर्क किया एवं 4 लोगों को रक्त के रूप में जिंदगी दिलाई।इसमें प्रमुख रूप से ब्रजेन्द्र सेन ओ निगेटिव सुधीर पांडेय ऐबी पॉजिटिव, गगन अहिरवार बी पॉजिटिव एवं रावेंद्र यादव ओ पॉजिटिव नें रक्त दान कर इस पुण्य कार्य में सहयोगी रहे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला मंत्री अमित राय, पं राम मिश्रा बजरंग दल जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला सह संयोजक विक्रम साहू, रजित जैन, राहुल सेन, के अलावा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इस सेवा पर बजरंग दल जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा के द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया।

# पंचायत समन्वय संघ गोहद का गणेश राम शर्मा को अध्यक्ष जगदीश सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। जनपद पंचायत गोहद के पी.सी.ओ एवं ए.डी.ई .ओ संघ की बैठक मंडी प्रांगण गोहद में सुरेंद्र सिंह ठाकुर प्रांतीय अध्यक्ष ए.डी. ई .ओ पंचायत समन्वयक अधिकारी के निर्देश पर आयोजित की गई ।जिसमें सभी की सहमति से गणेशराम शर्मा पी. सी. ओ. को अध्यक्ष, जगदीश पवैया उपाध्यक्ष, रविंद्र सिंह पिपल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सचिव ,बेनीराम सागर, सह सचिव एवं अन्य पी.सी.ओ एवं ए.डी.ई.ओ को सदस्य बनाया गया है। बैठक में के.के कॉल मुकेश कुमार चतुर्वेदी, रामनिवास जाटव, राजेश शर्मा अरविंद तिवारी, नंदकिशोर गोयल आदि सदस्यगण मौजूद रहे हैं ।

# भाजपा युवा मोर्चा ने किया नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह का पुतला दहन

शिवपुरी शहर के माधव चौक चौराहे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवपुरी जिलाध्यक्ष नवनीत सेन के निर्देशानुसार द्वारा युवाओं के द्वारा चौराहे पर नारेबाजी की गई एवं रानी कमलापति के अपमान को लेकर भी युवाओं में काफी आक्रोश दिखाई दिया जिसके चलते उन्होंने शहर के माधव चौक चौराहे पर नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी निकेतन शर्मा ने बताया की डॉ. गोविंद सिंह के बयान पर भाजपा में काफी आक्रोश है ऐसे में पार्टी ने कहा- रानी कमलापति के अपमान पर कांग्रेस पार्टी जवाब दे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने भिंड के एक कार्यक्रम में बयान देते हुए कहा था कि रानी कमलापति को कोई नहीं जानता, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ढूंढ-ढूंढकर नाम रख रही है और यही नहीं रुके,राजा-रानियो को अत्याचारी भी बता रहे है उनका यह बयान बेहद आपत्तिजनक है इस तरह को अभद्र टिप्पणी करके आदिवासी समाज का अपमान किया है जिसके विरोध में आज युवा मोर्चा द्वारा आज नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन किया गया और कांग्रेस पार्टी से इस तरह के बयान के लिए माफी मांगने के लिए भी कहा गया प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, महामंत्री गिर्राज शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशीष बिंदल, जिला मंत्री विवेक उपाध्याय, दीपक राठौर, अमन मिश्रा, निकेतन शर्मा, अर्पणा शर्मा, पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष संकल्प जैन, विक्की जैन, कपिल रावत, धर्मेंद्र त्यागी, जय शर्मा, राहुल खटीक, हर्षित भार्गव, राहुल धूलिया, सुमित शर्मा, जयंत मिश्रा, गौरव माहेर,पारस जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# कोतवाली पुलिस को मिली सफलता, चोरी को अंजाम देने वाले पुलिस गिरफ्त में

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। पुलिस अधीक्षक के द्वारा चोरी एवं नकाबजनी कि घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं चोरी सम्पत्ति संबंधी अपराधियों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जिसे थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में टीम गठित की गयी जो जिसमें दो आरोपी मोहसिन पिता कल्लू कुरैशी उम्र 20 साल निवासी कसाई मंडी एवं राजा बाबू उर्फ उसमान पिता आयूब खान उम्र 20 साल निवासी नूरी नगर को नूरी नगर दमोह से संदेह के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा दस्ताव किया गया एवं पूछताछ करने पर थाना कोतवाली के चार अपराधों में क्रमशः अप.क्र. 53/23 धारा 457,380 ताहि अप.क्र. 102/23 457,380 ताहि अप क्र. 120/23 धारा 457,380 ताहि अप.क्र. 324/23 पारा 457,380 ताहि मे चोरी करना कबूल किया जिनसे प्रथक प्रथक चारो अपराधों मे सोने चाँदी जेवरात व नगदी 445000 रुपये का मशरूका जप्त किये गये,आरोपी मोहसिन के विरुद्ध से भी 10 अपराध चोरी, नकबजनी गोवंश वध मारपीट अवैध हथियार रखने के अपराध पंजीबद्ध है एवं आरोपी राजा बाबू के विरूद्ध भी पूर्व से दो अपराध पंजीबद्ध है दोनो आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जब्त मशरूका - 1. एक सफेद धातु का हीरा कीमती करीब 2000 रुपये एक सफेद धातु की करधोनी कीमती करीब 20000 रुपये दो पीली धातु की अंगूठी कीमती करीब 50000 रुपये, एक पीली धातु का मंगलसूत्र कीमती करीब 50000 रूपये, एक पीली धातु की पेडल कीमती करीब 15000 रूपये 4000 रूपये नगद एक सफेद धातु का डोरा कीमती करीब 2000 रुपये, चार जोडी सफेद धातु की पायले कीमत करीब 15000 रुपये सफेद धातु की अंगूठी 06 नग कीमती करीब 3000 रूपये, एक सफेद धातु का चूडा कीमती करीब 1500 रूपये तीन पीली धातु की अंगूठी कीमती करीब 75000 रूपये, दो जोड पीली धातु की कान के फूल कीमती करीब 50000 रुपये 1700 रूपये नगद, दो जोड चाँदी जैसे सफेदधातु के विछिया कीमती 1000 रूपये चार चाँदी जैसी सफेद धातु की चूडिया कीमती 4000 रुपया एक जोड़ चाँदी जैसी सफेद धातु की पायल कीमती करीब 10000 रूपये. एक सफेद धातु का डोरा बजनी 20 ग्राम तीन जोड सफेद धातु की पायल बजनी 150 ग्राम एक पीली धातु का मंगलसूत्र 10 गुरिया वाला बजनी करीब 1 तोला, तीन जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम तीन जोडी बच्चो की सफेद धातु की पायल बजनी करीब 100 ग्राम, एक पीली धातु की हाय बजनी करीब 1 ग्राम चार जोडी सफेद धातु की चूडी बजनी करीब 80 ग्राम एक जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम कीमती करीब 11000 रूपये, चार सफेद धातु की चूडी बजनी करीब 60 ग्राम कीमती करीब 6000 रूपये एक सफेद धातु का चाँदी का गुच्छा बजनी करीब 10 ग्राम कीमती करीब 1500 रूपये, एक पीली धातु का मंगलसूत्र जिसमे सात गुरिया लगे हैं कीमती करीब 12000 रूपये पीली धातु के 24 नग छोटे छोटे टुकड़े कीमती करीब 30000 रूपये एक पीली धातु का पेंडल जला हुआ एवं एक जोड़ जले हुये टाप्स एक जली हुयी नथ कीमत करीब 23000 रूपये एक पीली धातु की अगूठी बजनी करीब आधा तोला कीमती करीब 25000 रूपये एक जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम कीमती करीब 8000 रूपये एक जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 100 ग्राम कीमती करीब 7000 रूपये पाँच जोड सफेद धातु के विछिया कीमती करीब 2000 रूपये के कुल मशरूका 445000 चार लाख पैतालीस हजार रूपए है। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत, उनि, रोहित द्विवेदी, प्रियंका पटैल, सउनि अलजार सिंह, सउनि गोविन्द सिंह, सउनि रघुवीर सिह, सउनि प्रेमसिह, प्रधान आरक्षक अनिल गौतम प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या आरक्षक नवीन आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक योगेन्द्र आरक्षक देशराज, आरक्षक कृष्णकुमार आरक्षक ओमप्रकाश आरक्षक बाबू आरक्षक आयुष महिला आरक्षक इंदु महिला आरक्षक शिखा महिला आरक्षक रितिका महिला आरक्षक साक्षी का विशेष योगदान रहा।



चंदे से बनी पहली इंडियन विमेंस ब्लाइंड क्रिकेट टीम

# कप्तान ने बचपन में लकड़ी की तीर से गंवाई आंख, बोली- पिता का सपना पूरा हो गया

मंगलवार...11 अप्रैल। यह तारीख भारत के ब्लाइंड क्रिकेटर्स के लिए खास था, क्योंकि इसी दिन भारत की पहली विमेंस क्रिकेट टीम का गठन हुआ। टीम अब नेपाल में 25 से 30 अप्रैल के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया (ढ्ढक्चह्र) को यह टीम बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। यहां तक कि चंदा जुटाने की नौबत आ गई, ऐसे खिलाड़ियों के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। मेंस टीम के गठन के बाद से ही नेशनल एसोसिएशन विमेंस टीम बनाने की सोच रही थी, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। हमारे पास ब्लाइंड खिलाड़ी तलाशने, फंड जुटाने और स्पॉन्सरशिप जुटाने जैसी कई समास्याएं थीं। नेपाल, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में नेशनल ब्लाइंड विमेंस क्रिकेट टीम बना चुके थे। नेपाल-इंग्लैंड ने तो द्विपक्षीय सीरीज भी खेल ली। यही से हमारी टीम बनाने की प्रक्रिया तेज हुई। हमने स्टेट्स एसोसिएशन बनाए। 2019 तक हमारे पास 7 स्टेट्स यूनिट थे। फिर बाद में कोरोना आ गया और सब रुक गया। कोविड के बाद हमारे स्टेट इकाइयों की संख्या 23 हो गई। हमारे पास फंड नहीं था ऐसे में हमने चंदा जुटाकर कुछ पैसे एकत्रित किए। हमें आज तक स्पांसरशिप की तलाश है। देशभर से 16 राज्य की टीमों ने नेशनल सिलेक्शन ट्रायल में भाग लिया। टूर्नामेंट में 16 टीमों से 224 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इसमें से आखिरी में 38 प्लेयर्स को चुना गया और फिर देशभर के बेस्ट 17 खिलाड़ियों की टीम बनी। नेशनल ट्रायल का कैंप मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में लगा, जहां मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, केरल, उत्तरप्रदेश, हरयाणा, राजस्थान, चंडीगढ़, गुजरात, झारखण्ड और राजस्थान शामिल हुए। कैबी को सरकार से कोई सहयोग नहीं मिला। ऐसे में बेंगलुरु के समर्थनम ट्रस्ट ने दोनों ब्लाइंड क्रिकेट टीम की पूरी फंडिंग की। टूर्नामेंट और ब्लाइंड क्रिकेट की पूरी प्लानिंग वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन करता है। मध्यप्रदेश (दमोह) की सुषमा को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौक है। जब वे 4-5 साल की थीं, तभी तीर-कमान से खेलते समय आंख में चोट लग गई। ऐसे में सुषमा के क्रिकेट खेलने का सपना धुंधला लगने लगा, लेकिन सुषमा ने भाइयों के साथ क्रिकेट खेलना जारी रखा। सुषमा ने खेत में पिता का हाथ भी बटाया। 2019 में एक दोस्त से उन्हें ब्लाइंड क्रिकेट के बारे में पता चला और उन्होंने अकादमी जॉइंन कर ली। यहीं से उनका सिलेक्शन टीम में हो गया। सुषमा ने अपने सिलेक्शन पर कहा, मेरे पिता का बचपन से ही सपना था कि मैं और मेरे भाई देश के लिए क्रिकेट खेले, लेकिन आंख में चोट के कारण यह सपना नामुमकिन का साल रहा था। अब ब्लाइंड क्रिकेट टीम में देश की और से बतौर कप्तान खलने का मौका मिल रहा है और अब पिता का सपना भी पूरा हुआ।



आंद्रे रसेल के पैर में चोट लगी

# हैरी ब्रूक को 45 के स्कोर पर मिला जीवनदान

**कोलकाता।** वार रात को कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मुकाबला हुआ। रोमांचक मुकाबले में स्त्रा ने 23 रन से जीत दर्ज की। टीम के इंग्लिश ओपनर हैरी ब्रूक ने 100 रन की नाबाद पारी खेली। दसवें ओवर में हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। ब्रूक 45 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। दसवें ओवर में कोलकाता के स्पिनर सुयश शर्मा बॉल कर रहे थे। ओवर की दूसरी बॉल पर ब्रूक ने गेंद को सीधी दिशा में खेलने की कोशिश की। बॉल उठी और सीधे सुयश के हाथों में आई, लेकिन सुयश के हाथ से कैच ड्रॉप हो गया। च्यक्र के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल 2.1 ओवर में तीन विकेट लेने के बाद चोटिल हो गए। दरअसल, 19वें ओवर में रसेल अपना तीसरा ओवर फेंकने आए। पहली ही बॉल पर उन्होंने अभिषेक को आउट किया। पहली बॉल फेंकने के दौरान ही उनके पैर में चोट लग गई। मेडिकल टीम उन्हें बाहर ले गई। रसेल मैच में पांचवें ओवर के दौरान आए थे। उन्होंने ढ्ढक्क 2023 में अपनी पहली ही बॉल पर मयंक अग्रवाल का विकेट लिया। इसके बाद उन्होंने उसी ओवर में राहुल त्रिपाठी का भी विकेट लिया। कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर यानी छठवें ओवर में 28 रन जड़ दिए।

हैदराबाद के पेसर उमरान मालिक बॉलिंग कर रहे थे। नीतीश ने 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 28 रन बनाए।



# धीमे ओवर रेट में फंसे हार्दिक पांड्या, लगा 12 लाख का जुर्माना

**मोहाली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ बीती रात आईपीएल मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मौजूदा आईपीएल में ओवर रेट एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और कई मैच लगभग चार घंटे तक चले हैं। टूर्नामेंट से जारी एक बयान में कहा गया है, चूंकि धीमे ओवर रेट के सम्बन्ध में आईपीएल की आचार संहिता के तहत इस सत्र में टीम का यह पहला अपराध था, पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डू प्लेसिस और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर अपने मैचों में धीमे ओवर रेट के लिए इतना ही जुर्माना लगाया गया था। गुजरात का अगला मुकाबला घर में राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि पंजाब का शनिवार को लखनऊ से मुकाबला होगा।



# जियो-सिनेमा आज से करेगा आईपीएल क्रिकेट मैंचों की फैन पार्क में स्ट्रीमिंग

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट प्रेमी इंटरनेट यूजर तक आईपीएल क्रिकेट का रोमांच पहुंचाने के लिए जियो सिनेमा ने %टाटा आईपीएल फैन पार्कों' में मैचों की लाइव डिजिटल स्ट्रीम करने की घोषणा की है और शनिवार तथा रविवार के मैंचों की ऐसे ही स्ट्रीमिंग कार्यक्रम घोषित कर दिये हैं । जियो-सिनेमा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने 13 राज्यों में फैले 35 से अधिक शहरों के खुले मैदानों में मैच दिखाने की तैयारी की है। उल्लेखनीय है कि जियो-सिनेमा मौजूदा सीजन का आधिकारिक डिजिटल ब्रॉडकास्टर है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि %टाटा आईपीएल फैन पार्क' में प्रवेश मुफ्त होगा। क्रिकेट प्रेमी विशाल एलईडी स्क्रीन पर जियोसिनेमा ऐप के माध्यम से लाइव-स्ट्रीम किए गए मैचों का आनंद ले सकेंगे। खुले मैदानों में क्रिकेट का मजा लेने वाले दर्शकों के लिए यहां फैमिली ज़ोन, किड्स ज़ोन, फूड एंड बेवरेज और जियो-सिनेमा एक्सपीरियंस ज़ोन भी बनाए जाएंगे। जियो-सिनेमा के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और गोरखपुर के साथ हरियाणा के रोहतक में %टाटा आईपीएल फैन पार्क' में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। दिन का दूसरा मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दोनों ही मैचों का आनंद दर्शक उठा पाएंगे। इसी तरह 16 अप्रैल को होने वाले दोनों मैच नासिक, अजमेर और कोच्चि के प्रशंसक फैन पार्कों में देख सकेंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स भिड़ेगी। टाटा आईपीएल फैन पार्क के गेट दोपहर 1.30 बजे से खुलेंगे। वायाकॉम18 के प्रवक्ता ने कहा, प्रशंसकों और दर्शकों को हालांकि उनकी सुविधा अनुसार विश्व स्तरीय खेल देखने को मिल रहा है, पर हम चाहते हैं कि यह पूरे देश में पहुंचे, फिर चाहे दर्शक घर में इसे देखे या दोस्तों के साथ बाहर मैदान में।




# आनलाइन सट्टेबाज कंपनी का साथ देकर मुश्किल में फंसे मैकुलम




**लंदन।** ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने के चलते इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच शुरू की है। मैकुलम को साल के शुरू में सट्टेबाजी कंपनी %22बेट' ने अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था और वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आये थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने यह जानकारी खुद 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा कर की थी। बीबीसी के हवाले से ईसीबी ने कहा, सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम उसका पालन करना सुनिश्चित करते हैं। हम मैकुलम और 22बेट के रिश्तों को लेकर बात कर रहे हैं। हालांकि वह अभी किसी जांच के दायरे में नहीं है। न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी। मैकुलम इससे पहले 2019 से 2022 के बीच कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच की भूमिका में रह चुके है। 2022 में इंग्लैंड के कोच नियुक्त होने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 12 टेस्ट मैचों में से 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है।

# ब्रूक के तूफान से कोलकाता पस्त, सनराइजर्स 23 रन से जीता

कोलकाता 15 अप्रैल,। हैरी ब्रूक (100 नाबाद) का तूफानी शतक और तीसरे विकेट के लिये कप्तान एडन मार्कम (50) के साथ 72 रनो की भागीदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर को 23 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन मैदान पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में कोलकाता सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की जीत में इंग्लैंड के स्टाइलिश बल्लेबाज ब्रुक की भूमिका अहम रही जिन्होने आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहला शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया। ब्रुक ने मात्र 55 गेंदो पर 12 चौकों और तीन छक्के उड़ाये। सनराइजर्स के स्कोर का पीछा करने उतरे कोलकाता ने शुरूआती झटकों के बाद संभल कर खेलना शुरू किया। कप्तान नीतिश राणा (75) ने एक छोर पर डट कर मेहमान गेंदबाजों का साहस के साथ सामना किया और दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (58 नाबाद) के साथ 69 रनो की उपयोगी भागीदारी निभायी। लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रही इस भागीदारी को टी नटराजन ने तोडा जब राणा उनकी गेंद पर डीप कवर पर वशिंगटन सुंदर के हाथों आउट हो गये। इसके बावजूद रिंकू का आतिशी अंदाज नहीं बदला और उन्होने चार चौके और चार छक्के लगाकर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। राणा ने 41 गेंदो में पांच चौके और छह छक्के लगाये। इन दोनो के अलावा नारायण जगदीसन (36) ही कोलकाता के लिये रन जुटा सके मगर टीम की हार को नहीं बचा सके। इससे पहले ब्रुक को आउट करने के लिये कप्तान राणा ने अपने सात गेंदबाजों आजमाये मगर मैदान पर रनो की बारिश रोकने में सभी के सभी असहाय नजर आये। दो विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आये मार्कम ने दूसरे छोर पर दर्शनीय अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक का भरपूर साथ दिया।

मार्कम ने मात्र 26 गेंदों की संक्षिप्त पारी में चौकों छक्कों की बारिश कर दी।




# जीत का खाता खोलने के लिये पूरा जोर लगायेगी दिल्ली

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन कर अंकतालिका की दहलीज पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स जीत का खाता खोलने के लिये शनिवार को पूरे दमखम के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को उनके घर में मात देने मैदान पर उतरेगी। आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोटिंग और डेविड वार्नर के लिये आईपीएल का सत्र अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है। पोटिंग टीम के कोच की भूमिका में है जबकि वार्नर कप्तान के तौर पर अब तक टीम को एकजुट रखने में असफल साबित हुये हैं। वार्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल को छोड़ कर टीम के अन्य बल्लेबाज फिलहाल अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम साबित हुये है,नतीजन टीम को अपने शुरूआती चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पृथ्वी शॉ,यश धुल,मनीष पांडे का प्रदर्शन स्तरहीन रहने से टीम मुश्किलों में फंसती नजर आयी है वहीं धुआंधार बल्लेबाजी के लिये विख्यात वार्नर की धीमी बल्लेबाजी ने भी परेशानियों में इजाफा किया है। गेंदबाजी की बात करें तो एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव रन गति पर अंकुश लगा कर विकेट निकालने में खास नहीं कर सके है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच दिल्ली के गेंदबाजों की परीक्षा लेने को तैयार होगी। दूसरी ओर विराट कोहली,ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डुप्लेसी जैसे सितारों से सजी आरसीबी पिछले दो मैच हार चुकी है और अब वह और घर पर एक और हार झेलने के मूड में कतई नहीं होगी।




# पांच मई से दोहा में डायमंड लीग खिताब का बचाव करेंगे नीरज

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट और गत डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा पांच मई से डायमंड लीग सीरीज की दोहा मीट में अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे। टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज के अलावा ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और चेक गणराज्य के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब वाडलेज भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज ने विश्व एथलेटिक्स से कहा, इस गर्मी के लिये मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप और मेरे वांडा डायमंड लीग खिताब की रक्षा करना है। मैं 90 मीटर के निशान के करीब भी पहुंच रहा हूं, इसलिए मेरे लिये उस निशान को पार करना बहुत मायने रखता है। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने 2022 में डायमंड लीग चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया था, हालांकि वह दोहा मीट में हिस्सा नहीं ले सके थे। आगामी कार्यक्रम एथलेटिक्स प्रशंसकों के लिये रोमांचक होगा क्योंकि पिछले दोहा आयोजन के विजेता पीटर्स (93.07 मीटर) और वाडलेज (90.88 मीटर) ने अपना-अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पिछले साल इसी आयोजन में दिया था। शीर्ष तीन एथलीटों से सजे आयोजन को और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिये यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, केशोर्न वालकोट और जूलियस येगो भी दोहा मीट में हिस्सा लेंगे।




आई पी एल में आज दिन का दूसरा मुकाबला एलएसजी बनाम पीबीकेएस

# लीग इतिहास में दूसरी बार आमने-सामने होंगी दोनों टीमें; जानें पॉसिबल प्लेइंग-11

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के इस सीजन में आज फिर डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। दिन का दूसरा मुकाबला लखनऊ सुपरजाइंट्स (स्त्व) और पंजाब किंग्स (क्चक्कस्) के बीच होगा जो लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच शाम 7-30 बजे से शुरू होगा। वहीं दिन का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (क्रष्टक्च) और दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) के बीच होगा जो बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। लखनऊ इस मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करके अंक तालिका में टॉप पर पहुंचने की कोशिश करेगा। पंजाब ने जीत के साथ आगाज किया था, लेकिन पिछले दो मैचों में उसे हार झेलनी पड़ी थी। लखनऊ का यह पांचवां मैच होगा। पिछले चार मैचों में टीम को तीन में जीत और एक में हार मिली। पहले मैच में लखनऊ ने दिल्ली को 50 रन से हराया था। वहीं दूसरे मैच में चेन्नई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीसरे में हैदराबाद को पांच विकेट और चौथे में बेंगलुरु को एक विकेट से हराया था। पंजाब के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन और मार्क वुड हो सकते हैं। इसके अलावा केएल राहुल, क्रुणाल पंड्या और अमित मिश्रा जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूती दे रहे हैं। पंजाब ने पहले दोनों मैच जीतकर इस सीजन की शानदार शुरुआत की थी। लेकिन, पिछले दोनों मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब का भी यह पांचवां मैच होगा। पंजाब ने पहले मैच में कोलकाता और दूसरे में राजस्थान को हराया था। वहीं तीसरे मैच में उसे हैदराबाद और चौथे में गुजरात ने हराया था। लखनऊ के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी मैथ्यू शॉर्ट, सैम करेन, नाथन एलिस और कगिसो रबाडा हो सकते हैं। इसके अलावा शिखर धवन, प्रभसिमरन सिंह और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूती दे रहे हैं। केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स का यह लीग में दूसरा ही सीजन है। पहले सीजन में टीम ने सभी को चौंकाते हुए क्वालिफायर तक का सफर तय किया था। पिछले सीजन में दोनों टीमें 1 बार भिड़ी थीं। उस मुकाबले में लखनऊ को जीत मिली थी। इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर टीम पहले बल्लेबाजी करना पसंद करती हैं क्योंकि रिकॉर्ड को देखते हुए यहां टी-20 में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम दूसरी के खिलाफ ज्यादा रन बनाती है। इस पिच को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जाता है लेकिन फिर भी यहां जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है तो गेंदबाजों को मदद मिलने लगती है। लखनऊ सुपरजाइंट्स- केएल राहुल (कप्तान), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या, निकोलस पूरन (कीपर), जयदेव उनादकट, अमित मिश्रा, आवेश खान, मार्क वुड, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर्स- आयुष बडोनी, स्वप्निल सिंह, कृष्णप्पा गौतम, प्रेरक मांकड़, डेनियल सैम्स। पंजाब किंग्स- शिखर धवन (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), मोहित राठी, शाहरुख खान, सैम करेन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर और अर्शदीप सिंह। इम्पैक्ट प्लेयर्स- सिकंदर रजा, कगिसो रबाडा, ऋषि धवन, हरप्रीत भाटिया, अथर्व तायड़े।






# सलमान खान ने साझा किया किसी का भाई किसी की जान का नया पोस्टर

सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस बीच सलमान ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर किसी का भाई किसी की जान का नया पोस्टर साझा किया है, जिसे देख उनके प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इसके कैप्शन में सलमान ने लिखा, फिल्म रिलीज होने में एक हफ्ता बचा है। 10 अप्रैल को रिलीज हुए किसी का भाई... के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। फिल्म से शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार राम चरण कैमियो करेंगे। फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री भी दिखाई देंगी। अब तक किसी का भाई... के 5 गाने रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें प्रशंसकों द्वारा खूब प्यार मिला है। वहीं इससे पहले भी ट्रेलर लॉन्च से पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए फिल्म का एक नया पोस्टर भी शेयर किया था. पोस्टर में सलमान अपने लंबे बालों वाले लुक में बिल्कुल डैपर लग रहे थे. उनकी तराशी हुई फिजिक्स और बीस्ट जैसा अवतार उनके फैंस के लिए विजुअल ट्रीट से कम नहीं है. फैंस उनके स्ट्रॉन्ग हेयर गेम में फंसते नजर आ रहे थे. उस नए पोस्टर में सलमान खान ब्लैक कलर की टी-शर्ट और अपना फेमस ब्रेसलेट पहने नजर आ रहे हैं. उन्होंने काली सनी, हैवी बियर्ड और गोल्ड ईयररिंग्स के साथ अपने कूल लुक को कंपलीट किया था।

# फिल्म कैनेडी से सनी लियोन का फर्स्ट लुक जारी


## राहुल भट्ट की भी दिखी झलक



अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी कान्स फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। अब कैनेडी से सनी लियोनी और राहुल भट्ट का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है, जिसमें दोनों कलाकार अलग अवतार में दिखाई दे रहे हैं। जहां सनी का लुक अमीर महिला जैसा दिखता है, वहीं राहुल हाथों में बंदुक लिए दिखाई दिए। इन तस्वीरों कों 'श्वश्व5 ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन किए जाने की खबर से सनी बेहद खुश हैं। हाल ही में उन्होंने इसके लिए अनुराग का शुक्रिया अदा किया। सनी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुझे इस शानदार पल पर यकीन नहीं हो पा रहा है। मेरे पूरे करियर का यह सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। फिल्म कैनेडी में सनी के अलावा राहुल भट्ट, अभिलाष थपलियाल भी अहम भूमिका में हैं। बता दें कि सनी लियोनी इस फिल्म में अहम रोल में हैं। कैनेडी मिडनाइट स्क्रीन सेक्शन के लिए चयनित की गई है। कांस फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी इस बात की जानकारी साझा की गई है। उन्होंने लिखा है, अनुराग कश्यप की कैनेडी का चुनाव किया गया है। बता दें कि कांस फिल्म फेस्टिवल 16 मई से 27 मई तक होने वाला है।इस फिल्म को लेकर अनुराग कश्यप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैं हमेशा से एक्सप्लोर करना चाहता था।

# कार्तिक आर्यन ने नहीं छोड़ी आशिकी 3

## इसी साल शुरू होगी शूटिंग



चर्चित फिल्म आशिकी की तीसरी फिल्म आशिकी 3 को लेकर तरह-तरह की चर्चा होती रहती है। कार्तिक आर्यन के मुख्य भूमिका में होने के कारण यह फिल्म सुर्खियों में रहती है। कुछ दिन से चर्चा चल रही थी कि इस फिल्म में कार्तिक नजर नहीं आएंगे। अब नई खबर के मुताबिक कार्तिक के फिल्म छोडने की खबर गलत है। वह अब भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। आइए, जानते हैं आशिकी 3 की नई जानकारी के बारे में। रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक आशिकी 3 का हिस्सा हैं और इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगे। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। यह एक बड़ा ब्रैंड है, बड़ी फिल्म है। इसकी शूटिंग शुरू हो, इससे पहले अच्छी-खासी तैयारी की जरूरत है। कार्तिक इसे क्यों छोड़ेंगे? वह निर्माताओं से इसकी पुष्टि कर चुके हैं। वह सार्वजनिक रूप से भी बता चुके हैं। आशिकी 3 के लिए अभी महिला कलाकार का नाम तय नहीं हुआ है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि फिल्म में सारा अली खान मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। ऐसे में एक बार फिर से पर्दे पर कार्तिक और सारा की जोड़ी देखने को मिल सकती है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। दोनों की डेटिंग और ब्रेकअप ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। कार्तिक और सारा लव आज कल में साथ नजर आए थे। आशिकी और आशिकी 2 दोनों का म्यूजिक खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म का म्यूजिक भी खास होगा। पिछले साल एक इंटरव्यू में मुकेश भट्ट ने कहा था कि इस फिल्म में ऑरिजिनल म्यूजिक होगा और वह इसके म्यूजिक पर एक साल तक काम करेंगे। भट्ट ने कहा था, मैं रीक्रिएशन में विश्वास नहीं करता, मुझे ऑरिजनल में भरोसा है।

# अदा शर्मा की द केरल स्टोरी' में अपनी भूमिका के बारे में सोचते हुए नींद गायब




हंसी तो फंसी' और कमांडो 3' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा को सुदीप्तो सेन द्वारा लिखित और निर्देशित आगामी फिल्म द केरला स्टोरी' में लिया गया है। अभिनेत्री ने साझा किया कि कहानी सुनने के बाद वह कुछ रातों तक सो नहीं पाई। उन्होंने कहा, जब मुझे कहानी सुनाई गई तो यह बहुत डरावनी थी, मैं इसके बारे में सोचते हुए कई रातों तक सो नहीं पाई। मैं आभारी हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म में काम करने का मौका मिला और इस दिल दहला देने वाली कहानी को बताने का मौका मिला।अदा एक मलयाली नर्स फातिमा बा की भूमिका निभा रही हैं, जो इस्लाम धर्म अपनाकर इस्लामिक स्टेट में शामिल हो जाती है। वह उन 32,000 महिलाओं में शामिल हैं, जो केरल से लापता हो गई और बाद में आईएस आतंकवादी बन गई।फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने जाने पर, अदा ने कहा- केरल स्टोरी एक हिंदी फिल्म है, इसलिए वह एक ऐसी बॉलीवुड अभिनेत्री चाहते थे जो हिंदी और मलयालम बोल सके। मैं मलयाली हूं, इसलिए मैं दोनों भाषाएं बोलती हूं। यही एक कारण था कि उन्हें लगा कि मैं इस भूमिका के लिए फिट हूं।फिल्म से जुड़े विवाद के बारे में बात करते हुए अदा ने साझा किया- निर्माता विपुल शाह और सुदीप्तो सेन ने कई प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं और वह सभी आंकड़े पेश करेंगे। जब लोग फिल्म देखेंगे तो उनके सभी सवालों का जवाब दिया जाएगा और उनकी शंकाएं दूर हो जाएंगी।

# रानी मुखर्जी मर्दानी 3 के साथ करेंगी वापसी

## अभिनेत्री ने दिया बड़ा अपडेट




बॉलीवुड इंडस्ट्री की चहीती एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की हालिया रिलीज फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई है। इस फिल्म में रानी ने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई, जो अपने बच्चे की कस्टडी पाने के लिए हर मुश्किल से लड़ जाती है। वहीं, रानी ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में इस फिल्म को लेकर बात की है। साथ ही अपनी सुपरहिट मूवी मर्दानी' की फ्रेंचाइजी मर्दानी 3' पर भी बड़ा अपडेट देती नजर आई हैं। गौरतलब हो कि मर्दानी' में रानी मुखर्जी ने पुलिस आफिसर की भूमिका निभाई थी।इस फिल्म में उनके हटके किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा और मूवी फ्रेंचाइजी को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब लेटेस्ट इंटरव्यू में रानी ने मर्दानी 3' पर बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह फिर से पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाना पसंद करेंगी। तो इस पर रानी ने कहा जरूर लेकिन उसके लिए आकर्षक कहानी होनी चाहिए। रानी मुखर्जी ने मर्दानी फ्रेंचाइजी को लेकर कहा, हां, मैं वास्तव में वापस से शिवानी शिवाजी रॉय का रोल निभाना चाहती हूं। लेकिन यह सब स्टोरीलाइन और स्क्रिप्ट पर निर्भर करता है और अगर हमें तीसरी किस्त के साथ जाने के लिए एक बहुत ही दिलचस्प कहानी मिलती है, तो मुझे लगता है कि शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आना आकर्षक होगा क्योंकि मुझे भी इस भूमिका को निभाने में बहुत मजा आता है। रानी मुखर्जी ने स्क्रिप्ट के चयन पर अपनी बात रखते हुए कहा, मुझे लगता है। मैं दुनिया भर के सिनेमाघरों को देखती हूं- क्या आ रहा है और लोग किस तरह का काम कर रहे हैं। हमेशा उन फिल्मों और कहानियों से जुडना चाहूंगी जो मुझे लगता है कि लोगों को पता होनी चाहिए। यह मेरा मानदंड है और यह बार-बार नहीं आता है। समय लगता है। इसलिए जितना समय मैं अपनी अगली फिल्म के लिए निर्णय लेने में लेती हूं, उतना ही समय किसी को कहानी के साथ आने में भी लगता है।




# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज

## पहला लुक भी हुआ जारी

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते काफी दिनों से अपने प्रोफेशनल लाइफ से नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ से सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, उनका अपनी पत्नी आलिया से विवाद चल रहा है। इसी बीच नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग फिल्म जोगीरा सारा रारा से अपडेट आया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट अनाउंस की है। फिल्म जोगीरा सारा रारा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा नजर आएंगी। आइए जानते हैं ये फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देने वाली है।नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की फिल्म जोगीरा सारा रारा का पोस्टर सामने आ गया है जो काफी दिलचस्प है। फिल्म के पोस्टर पर स्टारकास्ट नजर आ रही है जिसे देखकर अंदाज लगाया जा सकता है कि ये रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। फिल्म जोगीरा सारा रारा 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस फिल्म का टीजर भी रिलीज किया गया है।कुशन नंदी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म जोगीरा सारा रारा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा के अलावा संजय मिश्रा, जरीना वहाब और महाक्षय चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म जोगीरा सारा रारा को गालिब असद भोपाली ने लिखा है। इस फिल्म के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। वह अफवाह, अद्भुत, टीकू वेड्स शेरू, नूरानी चेहरा, बोले चूड़ियां और संगीन जैसी फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म होरीपंती 2 में दिखाई दिए थे।

# पिंक आउटफिट में कहर बरपाती नजर आईं अदिति बुधाथोकी



इन दिनों जयपुर में अपनी छुट्टियां एंजॉय कर रही एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी बेहद ही स्टाइलिश पोज देती नजर आ रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। पिंक कलर के आउटफिट में स्विमिंग पूल के किनारे एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी बेहद ही ग्लैमरस और बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया के साथ ही एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी पंजाबी और भोजपुरी फिल्मों में भी अपने हुस्न का जलवा बिखेर चुकी हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी सोशल मीडिया पर अपनी निजी और प्रोफेशनल तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं। अदिति बुधाथोकी अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी की ग्लैमरस अदाएं फैंस के दिलों पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी ने लेटेस्ट तस्वीरों में अपनी ऐसी किलर स्माइल दी, जिसे देखकर फैंस भी अपना दिल हार बैठे हैं। अदिति बुधाथोकी अपने ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज से फैंस को दीवाना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी के इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फैंस हैं।

# प्रियंका चोपड़ा से मेरी तुलना मेरे लिए एक बहुत बड़ा कॉम्पिलीमेंट है : हिना खान

टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हिना खान अपनी दमदार एक्टिंग, ग्लैमर के अलावा बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं. ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अक्षरा को अक्सर गंभीर मुद्दों पर अपने विचार रखते देखा गया है. बीते कुछ दिनों से हिना खान एक रैंप वॉक को लेकर सुर्खियों में आ गई थी. फिलहाल एक्ट्रेस ने मीडिया से बातचीत में पैपराजी, एयरपोर्ट लुक और ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा से तुलना होने पर खुलकर बात की है. छोटे पर्दे की अक्षरा उर्फ हिना खान ने प्रियंका चोपड़ा से अपनी तुलना किए जाने पर पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है. एक्ट्रेस ने कहा कि, वो प्रियंका जैसी ग्लोबल स्टार के बिल्कुल आस-पास भी नहीं हैं लेकिन वो अपने चाहनेवालों की ऐसी तारीफों का स्वागत करती हैं और ये सुनकर बहुत खुश भी हुई थीं. हिना ने कहा, प्रियंका चोपड़ा एक बहुत बड़ी स्टार हैं और उनसे मेरी तुलना मेरे लिए एक बहुत बड़ा कॉम्पिलीमेंट है. प्रियंका के लिए मेरे दिल बहुत सम्मान है. वर्ल्ड लेवल पर उन्होंने जो देश के लिए किया है मैं बस उनके कदमों पर चलने की कोशिश कर रही हूं. हालांकि, मैं अभी भी इंडस्ट्री में खुद को संभालने और आगे बढने की कोशिश कर रही हूं. मैं चाहती हूं कि सफर के साथ मेरी मंजिल भी खूबसूरत हो.इसके अलावा एक्ट्रेस ने पैपराजी कल्चर पर भी अपना राय देते हुए इसे थोड़ा अजीब बताया. हिना खान ने कहा कि, वो आज भी एयरपोर्ट पर या कहीं भी कैमरामैन और पैपराजी को देखकर चौंक जाती हैं. उन्हें इसके लिए पहले से टिप देना या हम कहां जा रहे हैं ये इंफॉर्मेशन शेयर करना अच्छा नहीं लगता है।

## श्री कुलदीप सक्सेना प्रवक्ता हीरालाल बारह सैनी इंटर कॉलेज अलीगढ़ जो कि स्वयं को जिला प्रशिक्षण आयुक्त भारत स्काउट गाइड भी बतलाते हैं, के द्वारा झूठी बयानबाजी

श्री कुलदीप सक्सेना ने कॉलेज में यह कहा कि प्राइवेट एनजीओ भारत स्काउट और गाइड शिविर जो कि अन्य कालेजों महाविद्यालयों में होते हैं, उनमें ड्यूटी लगाने का मेरा कार्य है। 7 अप्रैल 2023 प्रतिष्ठित अमर उजाला अलीगढ़ समाचार पत्र में श्री कुलदीप सक्सेना जी को टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ में गाइड विंग यानी कि छात्राओं को प्रशिक्षण जैसे कि गांठ बांधना आदि देते हुए बताया गया है। निर्णय आपका कि कहां झूठे तथ्य प्रस्तुत हुए हैं और कहां झूठ बोला गया है और कौन झूठ बोल रहा है। कि मेरा काम तो सिर्फ ड्यूटी लगाना है। प्राइवेट एनजीओ भारत स्काउट और गाइड के शिविर में प्रशिक्षण तो और अध्यापक देते हैं।

## भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना



**पोरसा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा राम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महाकुंभ सम्मेलन मेला ग्राउंड ग्वालियर के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता गण जनप्रतिनिधि आदि को बस मैं बैठा कर हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया। मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन एवं बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महाकुंभ कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद बीडी शर्मा एवं अन्य मंत्रिमंडल के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित होंगे अनुसूचित जाति वर्ग के विशाल सम्मेलन में प्रदेश सरकार के द्वारा नई योजनाओं का एवं हितग्राहियों को हितो का लाभ दिया जाएगा।

## बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ उनका जन्म जयंती मनाई



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा दानपुर प्रखंड के गांव नारायणपुर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ उनका जन्म जयंती मनाई और लोगों को उनके बारे में जानकारी देकर तस्वीर भेंट कर लोगों को इस दिवस के प्रति जागरूक किया बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जानती निकाली गई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की हिंदू समाज को इस संविधान के लिए कुछ पंक्तियां उन्होंने हमारे लिए दी है उसे याद करते हुए वीर जानती के अवसर पर 132 वी जयंती मनाई गई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की एक दूसरे से प्रेम से गले मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जितेंद्र राज जिला बालो उपासना प्रमुख योगेश वर्मा प्रखंड संयोजक जितेंद्र आर्य प्रखंड सह संयोजक नितिन राजपूत ओमवीर बजरंगी सुमित लोधी सोनू लोधी पंकज बजरंगी गंगाराम जी अरविंद जी नरेश जी नीरज मास्टर जी रामेश्वर दयाल मास्टर जी बलरा जी छोटू मिस्त्री विपिन कुमार अन्य लोगों का बहुत सहयोग रहा बहुत-बहुत धन्यवाद।

## राघौगढ़ स्थित गुर्जर डेयरी एंड बेकरी श्याम कलेक्शन एवं दूध डेयरी के लिए गए नमूने



गुना कलेक्टर श्री फ्रेंक नोबल ए. के निर्देश पर डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रवि शिवहरे द्वारा राघौगढ़ स्थित डेयरियों का निरीक्षण किया गया। तहसील के सामने राघौगढ़ स्थित गुर्जर डेयरी एण्ड बेकरी का निरीक्षण कर डेयरी से दूध एवं पनीर तथा श्याम कलेक्शन एवं दूध डेयरी, लालापुरा, राघौगढ़ से दूध के नमूने लिये गये। उक्त नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद प्रतिष्ठानों में जांच कार्यवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## बंगाली समुदाय के लोगों ने मनाया बांगला नववर्ष

दुमका/झारखण्ड। दुमका जिले भर में बंगाली समुदाय के लोगों ने आज बांगला नववर्ष धूमधाम से मनाया। दुमका जिले के कई दर्जनों मंदिर में बंगाली समुदाय के लोगों ने बांगला नववर्ष के उपलक्ष में पूजा अर्चना की। बंगाली समुदाय में वैशाख माह बांग्ला नया साल की शुरुआत होती है।शनीवार बांगला में वैशाख माह का पहला दिन होने के कारण पहला वैशाख भी कहा जाता है।बंगाली समुदाय के लोग नववर्ष में नए वस्त्र परिधान करते है। एक दूसरे को मिठाइयां बांटते हुए बांग्ला नववर्ष की बधाई देते हैं।आज के दिन बंगाली समुदाय के व्यवसाय अपने-अपने दुकानों में भगवान गणेश एवं लक्ष्मी देवी की पूजा अर्चना करते हैं।तथा दुकान को सजाते हैं।

## समाहरणालय सभागार सभागार में जिला विधुत समिति की बैठक सांसद सुनिल सोरेन की अध्यक्षता करते हुए बैठक का आयोजन कि गयी

दुमका/झारखंड। समाहरणालय सभागार में शनीवार को जिला विधुत समिति की बैठक सांसद श्री सुनील सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना वितरण कम्पनियों (निजि क्षेत्र को छोड़कर) की परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता में सुधार लाने पर लक्षित हैं।इस योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक वितरण कम्पनियों की आपूर्ति अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिये सशर्त्त वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।इस योजना के तहत दुमका जिलान्तर्गत 83.15 करोड़ रुपये की लागत से विधुत के कई कार्य किये जायेंगे। इस योजना का मुख्य उद्येश्य विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ 24×7 निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है।




इस अवसर पर दुमका लोकसांसद श्री सुनील सोरेन ने कहा कि पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत पूरे जिले में कार्य किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विद्युत के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा।केबल तार बिछाने से लेकर नया ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी इस योजना के तहत किया जाना है। शिकारीपाड़ा विधायक श्री नलिन सोरेन ने कहा कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कई ऐसे विद्युत तार अब भी मौजूद हैं जो आमजनों के लिए काफी खतरनाक है। इस योजना के तहत ऐसे सभी खुले तारों को कवर्ड किया जाएगा,जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि अब भी जिले में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां वर्षों पुराने वायरिंग मौजूद हैं।इस योजना के तहत उन सभी वायरिंग को दुरुस्त किया जाएगा ताकि जान माल का खतरा नहीं हो।साथ ही सभी विधायक प्रतिनिधि से भी सुझाव मांगे गए हैं।प्राप्त सुझावों के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करते हुए इन जर्जर विद्युत वायरिंग को दुरुस्त किया जाएगा। इस दौरान जानकारी दी गई कि बकाया बिजली बिल भुगतान हेतु वन टाइम सेटेलमेंट योजना चलाई जा रही है प्रखंड स्तर पर कैंप का आयोजन पर वन टाइम सेटेलमेंट का कार्य किया जाएगा। एक सौ यूनिट फ्री बिजली योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। इस दौरान उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि जिले में मिशन मोड में खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इस हेतु प्रखंड तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं।उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि अपने क्षेत्र के खराब पड़े चापाकल की सूची उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें ठीक कराया जा सके। आमजनों को पेयजल की समस्या इस भीषण गर्मी में नहीं हो। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस दौरान पोड़ैयाहाट विधायक के प्रतिनिधि,जरमुंडी विधायक के विधायक प्रतिनिधि, जामा विधायक के विधायक प्रतिनिधि सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के खिलाफ अभिभावकों की शिकायत रुकने का नाम नहीं ले रही

### एल सी आई टी पब्लिक स्कूल के द्वारा टी सी न देने की शिकायत चकरभाटा थाने में हुई, शिकायतकर्ता ने टी सी देने के नाम अवैध वसूली का लगाया आरोप, एल सी आई टी स्कूल की इसके पहले भी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान फीस को लेकर लगाया गया था आरोप



**बिलासपुर।** प्रायवेट स्कूलों की मनमानी रुकने का नाम नही ले रही हैं आए दिन अभिभावक शिकायत करते किसी न किसी प्रायवेट स्कूल में आपको मिल ही जायेंगे। बिलासपुर बोदरी स्थित एल सी आई टी स्कूल इस समय सुर्खिया बटोर रहा जिसकी टी सी न देने के नाम पर अभिभावक ने थाने में अवैध वसूली की शिकायत दर्ज कराई है अभिभावक ने शिकायत में कहा हैं की उनके द्वारा शेषन खत्म होने के बाद उनके द्वारा स्कूल से टी सी देने का आवेदन दिया जिसमे उनके द्वारा प्रिंसिपल एवम आफिस स्टाफ के द्वारा चालू सेशन के नाम पर 10500/-रुपए की मांग की जबकि बच्चा स्कूल की क्लास गया ही नही गया और शेषन शुरू हुए अभी एक सप्ताह ही हुए हैं जिसका स्कूल प्रशासन पैसा मांग रहा है जबकि अभिभावक का कहना है की हमने शेषन शुरू होने के पहले ही टी सी के।लिए आवेदन दे चुके थे उसके बाद हम अवैध वसूली प्रिंसिपल एवम स्टाफ के द्वारा किया जा रहा जिसकी शिकायत हम संबधित थाने में शिकायत की हैं बच्चे की टी सी दिलाई जाए और स्कूल प्रबंधन पर कार्यवाही की जाए।

**थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा चकरभाटा का कहना**-दिनेश चंद्रा से बात करने पर उन्होंने शिकायत की जानकारी न होने की बात कही, उन्होंने दूसरे केस में व्यस्त हूं एक दो दिन में पता कर लीजिएगा ।

## आत्मा को प्राप्त करने के लिए बल (इच्छा शक्ति) की जागृति आवश्यकः सहजयोग



सहजयोग आज का महायोग है। इसे महायोग क्यूं कहा गया। क्योंकि सहजयोग में एक साथ हजारों साधकों को प. पू. श्री माताजी की परम कृपा में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त हो जाता है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होना हमारे जीवन की परम सिद्धि है। अत्याधिक मंगलमय घटना है। सहजयोग नाड़ी तंत्र पर आधारित एक शास्त्रीय ध्यान पद्धति है, जिसमें सदैव कुंडलिनी जागरण और अनुभूति की ही बात की जाती है। पूर्व काल मे यह एक अत्यंत गोपनीय क्रिया हुआ करती थी परंतु 1970 साल से सामूहिक आत्मसाक्षात्कार एक सहज क्रिया बन गयी और एक साथ हजारों को आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति होने लगी और धीरे धीरे लोगो का जीवन आनंदमय तरीके से साधना पथ पर अग्रसर होने लगा। प. पूज्य श्री माताजी जब साधकों को आत्मसाक्षात्कार प्रदान करतीं हैं तो जिनके हथेलियों के अग्रभाग और तालु से ठंडक आने लगती है वो सभी पार हो जाते हैं। उसके बाद सभी को नियमित सुबह शाम- ध्यान करके अपनी प्रगति करनी होती है। परंतु सभी साधक इस आनंद को प्राप्त नहीं कर पाते ऐसा क्यों होता है। इसका उत्तर उपरोक्त वर्णित मुण्डकोपनिष से लिये गये श्लोक मे मिलता है। यह श्लोक कहता है कि आत्मरूप परब्रम्ह उपासना रूपी बल से रहित मनुष्य को प्राप्त नहीं हो सकते। समस्त भोगों की आशा छोड़कर एकमात्र परमात्मा की उत्कट अभिलाषा रखते हुए निरंतर विशुद्ध भाव से अपने इष्टदेव का चिंतन करना यही उपासना रूपी बल का संचय है। कर्तव्यत्याग कर विषय भोगों में लिप्त सात्विक लक्षणों से रहित साधक को भी आत्म ज्ञान नहीं हो पाता। किंतु जो बुद्धिमान साधक शुद्ध चित्त से जब अपने परमेश्वर का ध्यान करता है तो वह सत- चित - आनंद को प्राप्त कर लेता है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने तथा परमात्मा को अनुभूत करने का अनुभव प्राप्त करने हेतु सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं 1800 2700 800 बेवसाइटयूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06=30 बजे

## निक्षय दिवस पर स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

गुना/ यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज अंतर्गत शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के पालन में प्रत्येक माह के 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला- निक्षय दिवस का आयोजन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशानुसार आज की थीम के क्रम में निक्षय दिवस पर टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं फैमिली केयर मॉडल अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जानी है, इसी क्रम में गुना ग्रामीण में आज हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खेजरा में आयोजित ग्राम सभा बैठक में जन आरोग्य समिति के उद्देश्य एवं टीबी मुक्त भारत अभियान और स्वास्थ्य मेले- निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस शिविर में 4 संदेहास्पद टीवी मरीज मिले जिनकी स्प्यूटम की जांच के सैंपल लिए गए तथा अन्य अन्य व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही आरोन ब्लॉक के आमखेड़ा सूखा में भी भ्रमण कर 2 क्षय रोगियों की काउंसलिंग एवम पारिवारिक परामर्श दिया गय एवं परिवार के मरीजों को टीपीटी भी दी जा रही है, कि पुष्टि की गई। टीवी के मरीजों संदेहास्पद टीवी के मरीजों एवं लंबे समय से खांसी के मरीजों हेतु स्पूटम कलेक्शन कराया जाकर समय-



जिसमें स्वास्थ्य विभाग से जिला सीपीएचसी सलाहकार श्री सत्येंद्र शर्मा एवं डब्ल्यूएचओ से धर्मराज मिश्रा द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें बीपी, शुगर के मरीजों का भी ट्रीटमेंट शुरू कराया गया। उक्त क्रम में दीपक फाउंडेशन के जिला प्रबंधक श्री विनय शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ संबंधित समय पर टीबी के मरीजों की केयर की जा रही है। आज स्वास्थ्य मेले में सीएचओ स्वाति ग्वाल द्वारा शिविर में टीवी के मरीजों की जांच एवं निक्षय आईडी बनाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त क्रम में निक्षय मित्र बनाकर टीवी के मरीजों को पोषण आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## समाजवादियों ने घूम घाम से मनाया अम्बेडकर जयंती



कानपुर जनपद मे समाजवादियों ने धूम धाम से अम्बेडकर जयंती मनाया। कानपुर जिला पार्टी ग्रामीण कार्यालय नवीन मार्केट मे सामाजिक न्याय के प्रणेता, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी ने संविधान के ज़रिये हमें न्याय, समता और बंधुत्व जैसे मूल्य प्रदान किए। इस दौरान नवयुक्त जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला, जयराम यादव, कर्मवीर सिंह यादव, आशा सिंह, शिवसिंह यादव, सर्वेश यादव, नियाज़, अमर यादव, शिवम मिश्रा, राजू अवस्थी, जितेंद्र यादव, प्रवीण पंकज आदि समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे। उपस्थित सभी नेताओं व कार्यकर्ताओ द्वारा बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## गुरु का दर्जा सबसे ऊंचा हुआ करता है



जीते जी भगवान से मिलने का रास्ता बताने वाले, बड़ी चीज दिलाने वाले, वक्तत के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, त्रिकालदर्शी, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 6 जनवरी 2023 दोपहर सूरत (गुजरात) में दिए संदेश में बताया कि वक्त के नाम से जब उस प्रभु को पुकारेंगे तो मदद कर देता है। गुरु ही परमात्मा का बोध, ज्ञान, दर्शन मनुष्य शरीर में कराते हैं। तो गुरु का दर्जा सबसे ऊंचा हुआ करता है। वक्त के सतगुरु के दर्शन का बहुत बड़ा महत्व होता है। सतगुरु से मिलने-जुलने से कर्म कटते हैं, जानकारी होती है। उनका दर्शन करते रहना चाहिए। दर्शन देते समय सतगुरु मुख मोड़ ले तो समझ लो कि हमसे कोई गलती बन गई है। सच्चे पूरे सन्त तो इंसान से भगवान बना सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के विकास में बंगाली समाज का महत्वपूर्ण योगदान

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए बंगाली नववर्ष एवं बंगाली एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए बंगाली नववर्ष एवं बंगाली एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में। मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। बिलासपुर, /छत्तीसगढ़ के विकास में बंगाली समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। बंगाली समुदाय शुरू से ही सचेत और जागरूक रहा है। बंगाल की धरती क्रांतिकारियों और समाज सुधारकों की रही है। इनके बिना देश की आजादी और नवनिर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। राजा राममोहन राय और सुभाष चंद्र बोस के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। संत रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद पूरी दुनिया को बंगाल की सर्वश्रेष्ठ देन है। देश के भक्ति आंदोलन में बंगाल के संतो का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलासपुर के कालीबाड़ी मैदान में आयोजित बंगाली नववर्ष एवं बिलासपुर बंगाली एसोसिएशन के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कालीबाड़ी में मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बंगाली समुदाय को मोपका और तिफरा में 7 हजार और 5 हजार स्क्वेयर फीट जमीन आबंटित करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते




हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि दुर्गा पूजा और गणेश पूजा हमारी सांस्कृतिक पहचान बन गए हैं। बंगाल से छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक संबंध है। लोगों के साथ उनकी संस्कृति भी चलती है। छत्तीसगढ़ ने बंगाल की संस्कृति को आत्मसात किया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और रविंद्रनाथ टैगोर की छत्तीसगढ़ यात्राओं का भी स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने बंगाल के बाद सबसे ज्यादा समय छत्तीसग? में ही बिताया है। उन्होंने पूरे 2 वर्ष तक का समय छत्तीसग? में बिताया। स्वामी विवेकानंद के नाम पर ही छत्तीसगढ़ में एयरपोर्ट का नाम रखा गया है। रविंद्रनाथ टैगोर को कौन नहीं जानता है। उनके द्वारा समाज को दिए गए योगदान को नही भुलाया जा सकता। श्री रविंद्रनाथ टैगोर ने भी छत्तीसगढ़ में समय बिताया है। उन्होंने अविभाजित बिलासपुर में अपनी पत्नी का इलाज करवाया था। कार्यक्रम में स्वागत भाषण बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर के महासचिव देवाशीष लाल्टू घोष ने दिया। समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों को छत्तीसगढ़ रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। इनमें पद्म विभूषण पंडवानी गायिका तीजन बाई, न्यायमूर्ति किशोर भादुड़ी, नीति आयोग के पूर्व सदस्य और अर्थशास्त्री प्रणव कुमार चट्टोपाध्याय शामिल है। शताब्दी समारोह में संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, विधायक शैलेश पांडे, महापौर रामशरण यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, विजय केशरवानी, विजय पांडे, रामकृष्ण मिशन कोनी के संत सेवाव्रतनंद महाराज, रविघोष, सहित बंगाली समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478